# देशबन्धु

वर्ष – 34 । अंक – 250 । भोपाल, रविवार 10 सितंबर 2023 । पृष्ठ–8 । मूल्य – 3.00 रुपए


## मोरक्को में भयानक भूकंप से 8 सौ से अधिक की मौत



**मोरक्को, एजेंसी।** अफ्रीकी देश मोरक्को में शुक्रवार देर रात आए विनाशकारी भूकंप से अब तक 800 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि सैकड़ों लोग घायल हैं. इस विशानकारी भूकंप को पिछले छह दशकों से ज्यादा समय के दौरान मोरक्को में आए भूकंप में सबसे ज्यादा खतरनाक बताया जा रहा है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक, भूकंप से मोरक्को में सैकड़ों इमारतें नष्ट हो गई हैं जिससे मोरक्को के प्रमुख शहरों में निवास करने वाले लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा है. इस विनाशकारी भूकंप से यूनेस्को की हेरिटेज साइट को भी नुकसान पहुंचा है. मोरक्को के गृह मंत्रालय के मुताबिक, भूकंप से मरने वालों की संख्या 820 हो गई है जबकि 672 अन्य लोग घायल हैं. एक स्थानीय अधिकारी ने कहा है कि ज्यादातर मौतें ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

### भारत हर संभव मदद के लिए तैयार: मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मोरक्को में भूकंप से जान गंवाने वाले लोगों के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने एक्स (ट्वीट) करते हुए लिखा, मोरक्को में भूकंप के कारण हुई जानमाल की हानि से अत्यंत दुख हुआ। इस दुखद घड़ी में मेरी संवेदनाएं मोरक्को के उन लोगों के साथ हैं, जिन्होंने अपने प्रियजनों को खोया है. भारत इस कठिन समय में मोरक्को को हर संभव सहायता देने के लिए तैयार है।

## चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार



**अमरावती, एजेंसी।** एक बड़े घटनाक्रम में, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को कौशल विकास निगम भ्रष्टाचार मामले में नंद्याल जिले में गिरफ्तार कर लिया। टीडीपी प्रमुख को पुलिस उपाधीक्षक एम.धनंजयडु के नेतृत्व में सीआईडी टीम ने सुबह करीब छह बजे गिरफ्तार किया। नायडू की गिरफ्तारी ▪ शेष पृष्ठ 6 पर

### मेरी गिरफ्तारी असंवैधानिक

टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि उनकी गिरफ्तारी 'अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक' है। नायडू ने कहा कि 'अधिकारी उनके अवैध काम या उस मामले में शामिल होने के सबूत नहीं दिखा रहे हैं।'

### जी-20 शिखर सम्मेलन का पहला दिन

# नई दिल्ली घोषणा पत्र आम सहमति से पारित

- घोषणा पत्र में 9 बार आतंकवाद, 4 बार यूक्रेन का किया गया जिक्र
- अफ्रीकन यूनियन संगठन का सदस्य बना
- अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर हुई चर्चा




**नई दिल्ली, देशबन्धु।** नई दिल्ली में जारी जी–20 सम्मेल के पहले दिन ही साझा घोषणा पत्र पर सहमति बन गई है। शनिवार को दूसरे सेशन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने बतौर अध्यक्ष सभी सदस्य देशों की सहमति से नई दिल्ली घोषणा पत्र पारित कर दिया। घोषणा पत्र पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया है।

सभी लीडर्स ने माना है कि जी–20 राजनीतिक मुद्दों पर बहस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। हालांकि इस घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का 4 बार जिक्र हुआ है। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस–यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में जब उद्घाटन भाषण दिया, तो जो तस्वीर सामने आई उसने सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया नहीं भारत लिखा था। ये पहला मौका है जब किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रधानमंत्री की सीट के सामने देश का नाम इंडिया नहीं लिखा गया है। पिछली जी20 बैठक इंडोनेशिया के बाली में 14 से 16 नवंबर को हुई थी। तब पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया ही लिखा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के 'भारत मंडपम' में जी–20 समिट में आए विश्व नेताओं का स्वागत किया। मोदी जिस जगह मेहमानों का स्वागत कर रहे थे, वहां बैकग्राउंड में कोणार्क मंदिर का सूर्य चक्र बना हुआ था। जब बाइडेन वहां पहुंचे तो मोदी ने स्वागत किया। बाइडेन की नजर चक्र पर पड़ी तो प्रधानमंत्री उनका हाथ पकड़कर सूर्य चक्र के बारे में बताने लगे। बाइडेन भी उनकी बात सुनते नजर आए। मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का गले लगाकर स्वागत किया।

### विश्व में भरोसे का संकट, बातचीत से करेंगे दूर : मोदी

प्रधानमंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में मोरक्को भूकंप में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा– दुख की घड़ी में हम मोरक्को के लोगों के साथ हैं और उनकी हरसंभव मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया है। जब हम कोरोना को हरा सकते हैं तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। प्रधानमंत्री ने कहा– आज हम जिस जगह इकट्ठा हुए हैं, यहां से कुछ किमी दूर ढाई हजार साल पुराना स्तंभ है। इस पर प्राकृत भाषा में लिखा है कि मानवता का कल्याण सदैव सुनिश्चित किया जाए।

### 37 पेज का है घोषणा पत्र

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमें चुनौतीपूर्ण समय में अध्यक्षता मिली। जी–20 का साझा घोषणा पत्र कुल 37 पेज का है। इसमें कुल 83 पैराग्राफ हैं।

**मुख्य प्रस्ताव–**

- सभी देशों को यूएन चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।
- बायो फ्यूल अलायंस बनाया जाएगा।
- एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जाएगा।
- मल्टीलैट्रल डेवलपमेंट बैंको को मजबूती दी जाएगी।
- ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर दिया जाएगा।
- क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक ग्लोबल पॉलिसी बनाने पर बात होगी।
- कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है।
- दुनिया में तेजी से विकास करने वाले शहरों को फंड किया जाएगा।
- ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।
- सभी देशों ने आतंकवाद के हर रूप की आलोचना की है।

### पूर्व मंत्री गुढ़ा शिवसेना शिंदे गुट में शामिल

**जयपुर, एजेंसी।** पूर्व मंत्री और राजस्थान के उदयपुरवाटी से कांग्रेस विधायक राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए।





**Recruitment of Vocational Trainers (Contractual Basis)**

**LNJ Institute of Skills & Technology Pvt Ltd, a** NSDC empaneled Training Partner, invites Applications from candidates with prescribed qualification & Experience for deployment as Vocational Trainers-(Apparel) in secondary & Higher secondary schools in the state of Madhya Pradesh **(59 Post)**

**Qualification :** Post Graduation in Textile & clothing or relevant area from a recognized university /Institute, with at least 1 year work/teaching experience in Textile & clothing (Preferred Qualification) Other Qualifications

1. Graduate in apparel made ups/ fashion technology (at least 50% marks with one year experience)
2. Diploma in apparel made ups/fashion technology (at least 50% marks with one year experience)
3. Graduate in any discipline (at least 50% marks) with ITI one year certificate in sewing machine operator (with one year experience)

**Location :** Bhind, Chhatarpur, Dewas, Hoshangabad, Jhabua, Khargone, Mandsaur, Morena, Panna, Ratlam, Sagar, Sheopur, Shivpuri, Tikamgarh, Niwari, Jabalpur, Katni, Sidhi

**Minimum Competency:** Effective communication skills (Oral & Written), Basic computing skills

**Age Limit :** 18-37 years (As on Jul. 01, 2023)

**Note:** All communication for job application to be done through e-mails. All positions purely on Contractual basis. This is not a Government Job and the selection process is strictly based on merit and management reserves the right to accept/reject an application without assigning any reasons whatsoever. **(Only shortlisted candidates will be called for written & Personal interview)** CTC: Rs. 20000/- Per month. Last date for receipt of CV : **15th September, 2023** Interested Candidates can send updated CV on this **mail ID rmg@lnjskills.com** by mentioning the Sector/Trade in subject line.

**For More information Call: 9873082062**




केवल 18+ । इस खेल में आर्थिक जोखिम तत्व संबद्ध है और इसकी आदत लग सकती है. कृपया ज़िम्मेदारी से और अपने जोखिम पर खेलें.

पाठकों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में होने वाले किसी भी खर्च या किसी भी व वचनबद्ध दावे के निष्पादन के संबंध में पैसे भेजने से पूर्व उचित पूछताछ करें और उचित परामर्श लें. Patrakar Prakashan Pvt. Ltd. और विज्ञापन एजेंसी विज्ञापनदाता द्वारा उसके उत्पादों और सेवाओं के संबंध में किए गए दावों की कोई जिम्मेदारी नहीं लेते हैं. Patrakar Prakashan Pvt. Ltd. के स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक यदि विज्ञापनदाता द्वारा ऐसे दावों को पूरा नहीं किया जाता है तो इससे संबंधित किसी भी परिणाम के लिए Deshbandhu को जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है.

## सार समाचार

### पति सहित ससुराल पक्ष पर दहेज प्रताडऩा का मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** जिले के आरोन थानांतर्गत वार्ड 1 पठार मोहल्ला में दहेज के लिए बहू को प्रताड़ित करने का मामला सामने आया है। पुलिस ने फरियादी महिला की शिकायत पर आरोपी पति, ससुर एवं देवर पर मारपीट सहित दहेज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम सांदोल नईसराय निवासी लाली बाई का विवाह 9 मई 22 को आरोन के पठार मोहल्ला निवासी हरेन्द्र कुशवाह के साथ हुआ था।

शादी के पांच-छह महीने बाद ही महिला का पति, ससुर एवं देवर उसे दहेज में मोटर सायकिल लाने के लिए प्रताड़ित करने लगे।सावन के पहले उसके साथ ससुराल वालों ने मारपीट कर मायके भगा दिया और धमकी दी कि सावन बाद यदि बाईक लेकर आएंगी तभी रखेंगे। 8 गत दिवस उसके पति, ससुर पहलवान एवं देवर नरेन्द्र कुशवाह तीनों उसके मायके पहुंचे और विवाद कर दहेज में मोटर सायकिल मांगी। जब उसके पिता ने मोटर सायकिल देने में असमर्थता जताई तो उनके साथ मारपीट की। फिलहाल आरोन थाने में तीनों के खिलाफ दहेज एक्ट एवं मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया गया।

### मटकी फोड़ प्रतियोगिता में भिड़े 2 पक्ष, मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** जिले के म्याना थानांतर्गत ग्राम भैंरोघाटी में जन्माष्टमी की रात को चल रही मटकी फोड़ प्रतियोगिता में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गंगाराम पुत्र जंबू खैरुआ ने बताया कि जन्माष्टमी की रात को गांव में मटकी फोड़ कार्यक्रम चल रहा था।

वह भी अपने परिवार के साथ देखने गया था। रात करीबन दस बजे की बात है जब तमाम कोशिशों की बावजूद मटकी नहीं फूटी तो उसने समिति कार्यकर्ताओं से कहा कि ऐसे मटकी नहीं फोड़ती। इसी बात पर नाराज होकर गांव के सुनील खैरुआ, कैलाश खैरुआ सहित अन्य ने गाली गलौंच कर गंगाराम के साथ मारपीट कर दी। फिलहाल पुलिस ने आरोपियों पर फरियादी की शिकायत पर मारपीट का मामला दर्ज किया है।

### बीनागंज वन विभाग टीम ने हटाया अतिक्रमण

**गुना, देशबन्धु।** वन विभाग द्वारा बीनागंज क्षेत्र में अतिक्रमणरोधी कार्रवाई कर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को हटाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को वनमंडलाधिकारी अक्षय राठौर के मार्गदर्शन एवं उप वनमंडलाधिकारी रमेश चंद्र डामोर के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बीनागंज सौरभ द्विवेदी द्वारा वृहद् स्तर पर अतिक्रमण रोधक कार्यवाही की गई।

इस दौरान सब रेंज चाचोडा की बीट सागोडिया उत्तर के कक्ष क्रमांक 29 में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण के उद्देश्य से अवैध कटाई की गई थी। जिस पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। उक्त स्थल पर कोई अतिक्रमण ना कर सके, इसलिए 3 जेसीबी की मदद से अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खुदवाई जा रही है। मौके पर परिक्षेत्र अधिकारी बीनागंज, चांचौड़ा टीआई सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान करीब 10 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

कैंट थाने में दर्ज हुआ मामला, पुलिस गाड़ी में तोडफ़ोड़ कर भागे बदमाश

# देर रात युवकों से मारपीट कर रहे थे बदमाश, मौके पर पहुंची पुलिस टीम पर भी किया हमला

**गुना, देशबन्धु।** कैंट थाना पुलिस के गश्ती दल पर पर बदमाशों द्वारा हमला करने एवं गाड़ी में फोडफ़ोड़ करने का मामला सामने आया है। घटना महूगढ़ा रोड स्थित तेंदूपत्ता फैक्ट्री के पास की है। घटना दो दिन पहले शुक्रवार रात की है। इस मामले में कैंट थाने में फरियादी प्रधान आरक्षक मुरारीलाल मीना एवं पुलिस गाड़ी चालक विवेक रघुवंशी की शिकायत पर पांच नामजद एवं तीन अज्ञात लोगों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, मारपीट एवं तोडफ़ोड़ का मामला दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार एफआरबी गाड़ी में रात्रि गश्त कर रहे प्रधान आरक्षक श्री मीना को बजरंगगढ़ थाने बजरंगगढ़ से इंवेंट मिला कि महूगढ़ा रोड पर तेंदूपत्ता फैक्ट्री के आगे आधा दर्जन से अधिक लोग दो व्यक्तियों के साथ मारपीट कर रहे हैं। उक्त सूचना पर जैसे ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो 7-8 लोग हाथों में लाठी डंडे लेकर दो लोगों से मारपीट कर रहे थे। पुलिस ने जैसे ही गाड़ी से नीचे उतरकर मारपीट से रोका तो उन्होंने पुलिस टीम पर ही हमला कर दिया। वहीं पुलिस की गाड़ी में जमकर तोडफ़ोड़ की। घटना के बाद आरोपीगणों वहां से भाग खड़े हुए। वहीं पीटने वाले दोनों व्यक्तियों ने बताया कि आरोपीगण टेकरी रोड बूढ़े बालाजी निवासी है। इनमें मोनू चक्रवर्ती, अंशू चक्रवर्ती, विवेक कलावत, शेखर प्रजापति, हिमांशु खटीक एवं तीन अन्य लोग शामिल हैं। फिलहाल कैंट थाना पुलिस ने आरोपियों पर शासकीय कार्य में बाधा डालने, तोडफ़ोड़ सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

भगदड़ मची, लगा सड़क पर जाम

## पेट्रोल टेंकर में लगी आग, वाहन जलकर खाक



**गुना, देशबन्धु।** कुंभराज थानांतर्गत खटकिया रोड पर एक पेट्रोल से भरे टेंकर में अचानक आग लग गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार दोपहर करीब 1 बजे के आसपास खटकिया रोड पर एक पेट्रोल भरे टेंकर में आग लग गई। आगजनी में पूरा वाहन जलकर खाक हो गया। वहीं घटना के दौरान मौके पर भगदड़ मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार पेट्रोल से भरा टेंकर कुंभराज पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरने के लिए निकला था। बताया जाता है कि टेंकर हाइवे खटकिया चौराहे से कुंभराज के लिए निकला था।

लगभग दो किलोमीटर चलने के बाद ही पेट्रोल से भरे टेंकर में आग लग गई। आग लगने के साथ ही टेंकर से लपटें निकलना शुरू हो गई। वहीं धुंए के काले गुबारे आसमान में उठना शुरू हो गए। टेंकर में आग लगते ही मौके पर भगदड़ मच गई। वहीं दोनों ओर का ट्राफिक भी रुककर रह गया।

## जुआ खेल रहे 4 जुआरी दबोचे

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत ईदगाह बाड़ी के लक्ष्मीनगर कॉलोनी में पुलिस ने जुए के फड पर दबिश देकर चार जुआरियों को पकड़ा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिली थी कि लक्ष्मीनगर कॉलोनी में बिजली के खंभे के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं।

उक्त सूचना पर पुलिस ने मौके पर दबिश देकर जुआ खेल रहे दिनेश पुत्र भगवान सिंह कुशवाह निवासी लक्ष्मीनगर, वीर सिंह पुत्र रमेश कुशवाह निवासी लक्ष्मीनगर, नरेन्द्र सिंह कुशवाह उर्फ बब्लू पुत्र तोफान सिंह कुशवाह ईदगाहबाडी, विष्णु रजक उर्फ कल्ला पुत्र सुनेरा रजक निवासी लक्ष्मीनगर को ताश की गड्डी एवं नगदी 820 रुपए के साथ गिरफ्तार किया। जुआरियों पर पुलिस ने धारा 13 जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

### मृगवास पुलिस ने दबोचे तीन जुआरी

इधर मृगवास पुलिस ने ईदगाह के पास चल रहे जुए के फड पर दबिश देकर तीन जुआरियों को दबोचा। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बताए स्थान पर दबिश देकर जुआ खेल रहे जलील पुत्र अजीज खान निवासी पटनावाड़ी रोड मृगवास, जाकिर पुत्र सलीम खान निवासी हरिजन मोहल्ला मृगवास एवं अमजद पुत्र गप्पू खान निवासी मेवाती मोहल्ला को पकड़ा। जिनके पास से पुलिस ने जुआ खेलते हुए ताश की गड्डी एवं कुल 2100 रुपए नगदी बरामद किए।

## पुरानी रंजिश पर बुजुर्ग और नाती के साथ मारपीट



**गुना, देशबन्धु।** जिले के धरनावदा थानांतर्गत मुरादपुर निवासी एक बुजुर्ग एवं उसके नाती के साथ अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट कर दी। जिसे गंभीर हालत में जिला अस्पताल में कराया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मुरादपुर निवासी 70 वर्षीय भगवान लाल किरार एवं उसका नाती संजीव अपनी भैंस को लेकर खेत पर जा रहे थे। तभी पुरानी रंजिश को लेकर गांव के ही एक व्यक्ति ने उन्हें रोक कर लाठी-डंडों से मारपीट कर दी। जिसमें 70 वर्षीय बुजुर्ग एवं उसका नाती गंभीर रूप से घायल हो गए। इसको डायल-100 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। बताया जाता है कि पूर्व में रास्ते को लेकर विवाद चल रहा था। इसी रंजिश में दर्ज मामले पर राजीनामा करने का दबाव उक्त व्यक्ति बना रहा था। जब बुजुर्ग ने राजीनामा से इनकार किया तो उसके साथ जमकर मारपीट कर दी।

## ''खेलो एमपी यूथ गेम्स'' के अंतर्गत 18 खेलों का होगा आयोजन

गुना, देशबन्धु। खेलो इण्डिया यूथ गेम्स 2022 की तर्ज पर खेलो एमपी यूथ गेम्स'' का आयोजन ब्लॉक, जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर किया जायेगा। ''खेलो एमपी यूथ गेम्स'' के अंतर्गत ब्लॉक स्तर पर चयन स्पर्धा, जिला एवं संभाग स्तर पर 18 खेलों का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 6 खेल सीधे राज्य स्तर पर सहभागिता करेगें। खेलो एमपी यूथ गेम्स'' में 18 वर्ष से कम आयु के बालक एवं बालिका खिलाड़ी प्रतिभागिता कर सकेगें। जिला एवं संभाग स्तर पर आयोजन प्रदेश में प्रचलित 18 खेलों - एथलेटिक्स, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, बॉक्सिंग, फुटबॉल, हॉकी, जूडो, कबड्डी, खो-खो, मलखम्ब, तैराकी, वेटलिफ्टिंग, कुश्ती, टेबल-टेनिस,योगासन, व्हॉलीबॉल, टेनिस एवं शतरंज में किया जावेगा तथा 6 खेल- ताईक्वांडो, फैसिंग, रोईग, क्याकिंग-कैनोईग, शूटिंग एवं आर्चरी जो कि प्रदेश में कम प्रचलित हैं एवं उनकी अधोसंरचना/ उपकरण पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता नहीं हैं, इनका आयोजन सीधे राज्य स्तर पर किया जावेगा।

## अब साले ने कराया जीजा पर मारपीट का मामला दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** सिटी कोतवाली थानांतर्गत भाई को राखी बंधाने जा रही बहन के साथ मारपीट करने वाले छोटे भाई एवं उसके रिश्तेदार ने अब अपने जीजा पर हमला का मामला दर्ज कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी गोलू रजक पुत्र जुगरात सिंह रजक निवासी विंध्याचल कालोनी ने अपनी पत्नी हेमलता रजक, घायल साले दिनेश रजक एवं शुभम धाकड़ के साथ कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई कि गत रात 8 बजे के करीब वह भुल्लनपुरा बायपास पर भैयालाल के ठेला पर साले के साथ खड़ा था। तभी उसका जीजा बबलू रजक पुत्र सिरिया रजक निवासी हड्डीमील अपने साथियों हरवीर रजक, अक्षय रजक, दीपू रजक के साथ आया और पैसों के लेनदेन में गाली गलौंच कर मारपीट कर दी। उसे बचाने आएं उसके सालों के साथ भी मारपीट की गई। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी जीजा और उसके साथयों पर मारपीट सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है। उल्लेखनीय है कि एक दिन पूर्व बहन ने अपने भाई पर मारपीट दर्ज कराया था। जिसमें जन्माष्टमी के मौके पर अपने भाई गोलू को राखी बंधाने आई बहन कृष्णाबाई पत्नी बबलू रजक के साथ गोलू एवं सालों ने गाली गलौंच कर मारपीट की थी।

### जिले में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है उर्वरक

**गुना।** उप संचालक किसान कल्याण तथा कृषि विकास द्वारा कृषि कार्य से संबंधित आवश्यक जानकारी देते हुए बताया कि खरीफ मौसम की फसले पकने वाली हैं तथा रबी मौसम हेतु उर्वरक की अग्रिम उठाव योजना चल रही हैं, जिसमें जिले के सभी डबल लॉक केन्द्रों एवं निजी विक्रेताओं के पास पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न

**गुना, देशबन्धु।** राष्ट्रीय कृमिमुक्ति दिवस पर 12 सितंबर को जिलेभर के स्कूलों एवं आंगनवाड़ी केंद्रों पर बच्चों को कृमि नियंत्रण की दवाई एल्बेंडाजोल निःशुल्क खिलाई जाएगी। वहीं जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें मॉपअप दिवस 15 सितंबर को खिलाई जाएगी। इस संबंध में शनिवार को शहरी क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा एवं स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण रेडक्रॉस भवन में आयोजित हुआ।

जिसमें सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर सहित अन्य डॉक्टर्स ने दवा के संबंध में आवश्यक जानकारी आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यकर्ताओं को दी। इस दोरान आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को कृमि संक्रमण के कारण पेट में उत्पन्न होने वाले कीड़े को मारने की जानकारी दी। वहीं कृमि संक्रमण के कारण बच्चों में खून की कमी आना, भूख न लगना, कमजोरी एवं बैचेनी महसूस होना, पेट दर्द, उल्टी-दस्त, वजन में कमी एवं कुपोषण जैसी बीमारियों की रोकथाम के लिए प्रशिक्षण दिया गया। आंगनवाडी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर 1 से 19 वर्ष तक के बच्चों को अधिक संख्या में स्कूलों एवं आंगनवाड़ी भवन पर कृमि नाशक ऐल्बेंडॉजोल चबाने वाली मीठी गोली निःशुल्क देने संबधी प्रशिक्षण दिया गया।

## बीनागंज वन विभाग टीम ने हटाया अतिक्रमण



**गुना, देशबन्धु।** वन विभाग द्वारा बीनागंज क्षेत्र में अतिक्रमणरोधी कार्रवाई कर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण को हटाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार को वनमंडलाधिकारी अक्षय राठौर के मार्गदर्शन एवं उप वनमंडलाधिकारी रमेश चंद्र डामोर के निर्देशन में वन परिक्षेत्र अधिकारी बीनागंज सौरभ द्विवेदी द्वारा वृहद् स्तर पर अतिक्रमण रोधक कार्यवाही की गई। इस दौरान सब रेंज चाचोडा की बीट सागोडिया उत्तर के कक्ष क्रमांक 29 में कुछ लोगों द्वारा अतिक्रमण के उद्देश्य से अवैध कटाई की गई थी। जिस पर मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था। उक्त स्थल पर कोई अतिक्रमण ना कर सके, इसलिए 3 जेसीबी की मदद से अतिक्रमण रोधी ट्रेंच खुदवाई जा रही है। मौके पर परिक्षेत्र अधिकारी बीनागंज, चांचौड़ा टीआई सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा। इस दौरान करीब 10 हेक्टेयर भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराया गया।

### अब तक 590.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**गुना, देशबन्धु।** में 01 जून से अब तक 590.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। जो कि सामान्य वर्षा का 56.0 प्रतिशत है। जिले में गतवर्ष इसी अवधि में 1364.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1053.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई।

जानकारी के अनुसार 01 जून से 09 सितंबर प्रातः 8 बजे तक तक जिले के वर्षामापी केन्द्र गुना में 761.4 मिलीमीटर, बमौरी में 706.0, आरोन में 542.0, राघौगढ़ में 403.0, चांचौड़ा में 614.0 तथा वर्षामापी केन्द्र कुम्भराज में 532.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 7.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस अवधि में वर्षा मापी केन्द्र गुना में 0.0 मिमी., बमोरी में 0.0 मिमी., आरोन में 33.0 मिमी., राघौगढ़ में 1.0 मिमी., चांचौड़ा में 0.0 मिमी. एवं वर्षामापी केन्द्र कुंभराज में 14.0 मिमी. वर्षा दर्ज की गई।

हजारों का किराना सामान सहित नगद ले गए चोर

# चोरों ने दी पुलिस को चुनौती, थाने के पास की 5 दुकानों के ताले चटकाए



**आष्टा, देशबन्धु।** बीती रात नगर के सबसे व्यस्त मार्ग थाने से चंद कदमो की दूरी पर पुलिस को चुनौती देते हुए पांच दुकानो के ताले चोरो ने तोड़ दिए जिसमे से तीन दुकानो में हजारो रूपये का किराना सामान और चांदी के सिक्के सहित नगदी ले उड़े। मिली जानकारी के अनुसार के कुमेरसिंह मिठ्ठुपुरा लक्ष्मी किराना स्टोर से सबसे अधिक चोरी हुई। दूसरी ओर एक ओर किराना की दुकान दो खली की दुकान एवं एक मोबाइल की दुकान पांचो दुकानो के ताले तोड़े गए। लक्ष्मी किराना स्टोर के मालिक कुमेर सिंह मिठ्ठुपुरा सरकार ने बताया कि 70 हजार रूपये नगद चांदी के सिक्के किराना सामान सिगरेट चाय पत्ती काजू बादाम चोर यहां से सबसे महंगे बिकने वाले सामग्री पर हाथ साफ किया। दूसरे किराना दुकान से 75 हजार रूपये नगद एवं चांदी के सिक्के किराना सामान चोर निकाल ले गए। यह दुकान अखिल जैन की बताई जा रही है। इसी प्रकार शंकरलाल वर्मा भूपोड़ की खली दुकान से 7 हजार रूपये नगद वही अजयसिंह की खली कपास एवं मोबाइल की दुकान के ताले टूटे दो दुकानो से कुछ नही गया। कुमेर सिंह मिठ्ठुपुरा ने बताया कि दुकान में कैमरे लगे थे। लेकिन चोर सेटअप बाक्स ही चुरा ले गए। जिसमे रिकॉर्डिंग होती है। पुलिस ने फिलहाल फरियादी अखिल जैन पिता दिलीप जैन निवासी शास्त्री कॉलोनी की रिपोर्ट पर अज्ञात चोरो के विरूद्ध प्रकरण पंजीबद्ध किया ।

### क्या कहना है अधिकारी का

एसडीओपी आकाश अमलकर का कहना है कि पुलिस लगातार गश्त कर रही रही है। कन्नौद रोड मंडी गेट के पास चोरी हुई है। सीसी कैमरे फूटेज मे चोरो के चेहरे सामने आ गए है। जल्दी ही गिरफ्तार कर लिए जाएंगे।

## भाप्रपा सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**सीहोर देशबन्धु।** भारतीय प्रजाशक्ति पार्टी (भाप्रपा) ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनावों में सभी सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जिसके मद्देनजर पार्टी ने प्रत्याशी चयन समिति का गठन कर दिया है। जिसके अध्यक्ष शरद द्विवेदी को बनाया गया है। बताया गया कि इस समिति में सभी केन्द्रीय पदाधिकारी व प्रदेश अध्यक्ष इसके सदस्य होंगे। पार्टी की ओर से दी गई जानकारी में बताया गया कि पार्टी ऐसे प्रत्याशियों को प्राथमिकता से टिकट देने का निर्णय लिया है जो युवा हो, ईमानदार, कर्मठ होने के साथ-साथ अपने क्षेत्र के विकास को तीव्र गति से करने का जज्बा रखते हों।

## सन्नी पहुंचे पाटन में किसानों के बीच, सुनी समस्याएं



**सीहोर, देशबन्धु।** किसानों के दुख दर्द में शामिल होने के लिए किसान हितेषी नेता गौरव सन्नी महाजन विधानसभा क्षेत्र सीहोर के ग्राम पाटन पहुंचे। ग्रामीणा ने महाजन को बताया कि पात्र होते हुए भी हमारा नाम बीपीएल सूची से काट दिया यही नहीं प्रधानमंत्री आवास से भी वंचित कर दिया। अनेक ग्राम वासियों ने समस्याओं से अवगत कराते हुए कहा कि गांव में अघोषित बिजली कटौती की जा रही है, जिससे गांव में अंधेरा छा जाता है। बारिश नहीं होने से सोयाबीन की फसल भी खराब हो चुकी है लेकिन अब तक जिला प्रशासन के द्वारा कोई मदद नहीं दी गई है। क्षेत्र की जनप्रतिनिधि भी इस मामले में कुछ करने को तैयार नहीं है।

जिस पर महाजन ने उनकी समस्याओं से जल्दी ही मुख्यमंत्री को अवगत कराएंगे और पाटन की सभी समस्याओं का हाल जल्दी करेंगे। शुक्रवार की रात ग्राम पाटन पहुंचे श्री महाजन का अनेक ग्रामीणों ने आत्मीयता के साथ स्वागत किया। इस दौरान बड़ी संख्या में उनके साथ कार्यकर्ता भी सम्मिलित रहे।

## कांग्रेस के ब्लाक, मंडलम प्रभारी-सहप्रभारी बनाए गए

**सीहोर, देशबन्धु।** जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर प्रभारी बाबूलाल यादव और सहप्रभारी प्रवीण सक्सेना की सहमति से जिलाध्यक्ष डॉ. बलवीर तोमर ने ब्लाक और अन्य विभागों में पदाधिकारियों को प्रभारी और सहप्रभारी बनाया है। कांग्रेस के जिला मीडिया प्रभारी और प्रवक्ता कपिल सूर्यवंशी ने बताया कि सीहोर ब्लाक में सुरेन्द्र सिंह सौंठिया प्रभारी एवं भानु पाटीदार सहप्रभारी, श्यामपुर प्रभारी राकेश वर्मा सहप्रभारी नदीम पटेल, दोराहा प्रभारी हरीश राठौर सहप्रभारी राहुल गौर, अहमदपुर प्रभारी राजेन्द्र वर्मा सहप्रभारी आसिफ अंसारी, इछावर प्रभारी कपिल उपाध्याय सहप्रभारी राहुल साहू, सौंडा प्रभारी मुन्नवर मामू सहप्रभारी चन्दर सिंह परमार, बिलकिसगंज प्रभारी आशीष रोहिला सहप्रभारी गजराज सिंह, ब्रिजिसनगर संतोष गुप्ता सहप्रभारी देवेन्द्र महेश्वरी, आष्टा प्रभारी राधेश्याम दलपति सहप्रभारी चेतन सिंह सेमलीबारी, आष्टा ग्रामीण मेहरबान सिंह मूंदीखेडी सहप्रभारी रमेश मुकाती, जावर प्रभारी राजेन्द्र भरेवा सहप्रभारी मानसिंह ठाकुर, आष्टा नगर प्रभारी लोकेन्द्र वनवट सहप्रभारी खालिद पठान, सिददीकगंज डा भीष्मसिंह सहप्रभारी दीपक ठाकुर, बुधनी मोहनलाल शर्मा सहप्रभारी मोर सिंह, भैरूंदा महेश राजपूत सहप्रभारी अनिरूद्ध दुबे, रेहटी विपुल यादव सहप्रभारी चन्द्रभान सिंह पटेल, गोपालपुर प्रभारी वसीमभाई नेहरूगांव सहप्रभारी दानवीरसिंह, लाडकुई सत्यनारायण यादव सहप्रभारी शैलेन्द्र बडोदिया, शाहगंज सुरेश सेठी सहप्रभारी अभिलाष नागर नियुक्त किए गए हैं।

वहीं सुनील दुबे को समस्त प्रकोष्ठों का प्रभार, जयंत शाह को समस्त मंडलम सेक्टर एवं बीएलए 2 का प्रभार, जिला पिछडा वर्ग विभाग का प्रभार प्रीतम दयाल चौरसिया, सीताराम भारतीय अनूसूचित जाति जनजाति विभाग का प्रभार, जिला सेवादल डॉ. अनीस खान, मोहिनी अग्रवाल को जिला महिला कांग्रेस का प्रभार, जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग मुस्ताक अहमद, जिला किसान कांग्रेस जगदीश निगोदिया, जिला युवक कांग्रेस प्रभार तुलसी राठौर, धीरेन्द्र सिंह ठाकुर जिला एनएसयूआई का प्रभार सौंपा गया है। जिलाध्यक्ष डा. बलवीर तोमर के साथ केके रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश चांडक, रमेश पडली और ओम सोनी संलग्न रहेंगे।

जनप्रतिनिधि, अधिकारी की उपस्थिति में बकाया राशि वसूली का कार्य प्रारंभ

# लोक अदालत में नपा ने वसूली 12 लाख की बकाया राशि



आष्टा, देशबन्धु। स्थानीय अदालत परिसर में लोक अदालत का आयोजन हुआ, जिसमें नगरपालिका द्वारा शिविर लगाकर नगर के बकायादारों को पूर्व में नोटिस देकर निकाय की जलकर, संपत्ति कर आदि की बकाया राशि की वसूली की गई। शिविर का शुभारंभ विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, सीएमओ राजेश सक्सेना, पार्षद तारा कटारिया की उपस्थिति में किया गया। नगरपालिका द्वारा मुख्य नगरपालिका अधिकारी राजेश सक्सेना द्वारा वार्डवार 5 सदस्यी टीम गठित की गई। जिसमें एक-एक दल प्रभारी व गठित टीम से सुचारू रूप से काम कराने के लिए एक-एक नोडल नियुक्त किया गया। वहीं नपा अधिकारी द्वारा समय-समय पर राजस्व अमले की बैठकें लेकर अधिक से अधिक लोक अदालत के माध्यम से निकाय की बकाया वसूली राशि जमा हो सकें इसके लिए निर्देशित भी किया जाता रहा। सीएमओ श्री सक्सेना ने बताया कि लोक अदालत के माध्यम से नगर के बकायादारों से संपत्ति कर, विविध, जलकर की 12 लाख रूपयों की बकाया राशि वसूल की गई है। सीएमओ राजेश सक्सेना ने राजस्व अमले की सराहना करते हुए कहा कि पहली बार लोक अदालत मे इतनी बड़ी राशि बकायादारो से वसूली है, इसी प्रकार निकाय को मजबूत करने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करते रहे, ताकि आप सभी के सहयोग से हम अपनी निकाय को प्रदेश में टॉप-10 निकायों में सर्वश्रेष्ठ निकाय बना सकें। इस महत्वपूर्ण कार्य में राजस्व प्रभारी मनोहरसिंह जावरिया, दलप्रभारीगण सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, मनीष श्रीवास्तव, यश कौशल, कमरूद्दीन, अरूण श्रीवास्तव, मोहम्मद इसरार, नारायणसिंह सोलंकी, गबू सोनी, जगदीश वर्मा, आदित्य तलनीकर, महेन्द्र पोसवाल, ममता बम्हुरे, शांतिलाल मालवीय आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# आवास योजना को मिली मंजूरी, अतिथि शिक्षकों और रसोईयों का मानदेय बढ़ाया

## मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की बैठक में लिया फैसला

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में आवासहीनों को आवास मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना शुरू की जाएगी। अतिथि शिक्षकों और रसोईयों का मानदेय बढ़ाया जाएगा। वहीं एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यांगजनों के बैकलाग व कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान अब 30 जून, 2024 तक चलाया जाएगा। यह निर्णय शनिवार को मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में लिया गया।



बैठक के बाद चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग ने मीडिया को बताया कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना लागू करने के बाद अब सरकार मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना लागू करेगी। इसमें प्रधानमंत्री आवास योजना से वंचित रह गए लोगों को आवास बनाने के लिए सरकार द्वारा राशि दी जाएगी। बैठक में यह जानकारी दी गई कि प्रदेश में 22.92 लाख आवासहीन प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल होने से वंचित रह गए थे। आवास प्लस में इनके नाम जोड़कर प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा गया, लेकिन अनुमति नहीं मिली। इनमें से अलग-अलग कारणों के चलते पौने 4 लाख से ज्यादा लोग अपात्र हो गए।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अंत्योदय आवास योजना केवल एससी-एसटी वर्ग के लिए थी। ऐसे में बाकी वर्ग के लोगों को लाभ नहीं दिया जा सकता था। इसे देखते हुए मुख्यमंत्री जन आवास योजना प्रस्तावित की गई थी, जिसके बाद राज्य मंत्री मंडल ने अब इसका नाम बदलकर मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना रखने का निर्णय लिया। इसके लिए जिलों से आवास के लिए प्रस्ताव आने के बाद फिर राशि स्वीकृत की जाएगी। 2.10 लाख रसोइयों का मानदेय अब दोगुना सरकार ने बड़ा निर्णय करते हुए प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में संलग्न रसोइयों का मासिक मानदेय दोगुना करने का निर्णय लिया है।

श्री सारंग ने बताया कि अब 2 लाख 10 हजार रसोइयों को 2 के स्थान पर 4 हजार रुपए प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इसके लिए बजट प्रावधान की स्वीकृति दी गई। बैठक में एससी, एसटी, ओबीसी और दिव्यांगजनों के बैकलाग व कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान अब 30 जून 2024 तक चलेगा। जिसकी समय सीमा विगत 1 जुलाई को समाप्त होने वाली थी।

वहीं सरकार ने अतिथि शिक्षकों को दिए जाने वाले मासिक मानदेय में दोगुना वृद्धि पर भी मोहर लगा दी है। अब वर्ग-एक को 9 के स्थान पर 18 हजार, वर्ग-दो को 7 के स्थान पर 12 हजार और वर्ग-तीन को 5 के स्थान पर 10 हजार का मानदेय दिया जाएगा। श्री सारंग ने बताया कि माब लिंचिंग के मामले पर भी मंत्री मंडल ने निर्णय लिया है, जिसके तहत जनहानि पर आश्रित को मिलेंगे 10 लाख रुपये राज्य मंत्रिमंडल ने प्रदेश में माब लिंचिंग पीड़ित को प्रतिकर योजना 2023 लागू करने का निर्णय लिया है। इसमें 5 या अधिक व्यक्तियों की भीड़ द्वारा धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, खानपान, यौन अभिरुचि, राजनीतिक संबद्धता, जातीयता सहित अन्य आधार पर हानि पहुंचने पर यह राशि प्रदान की जाएगी। इसमें जीवन की हानि होने पर पीड़ित के आश्रित को न्यूनतम 5 लाख और अधिकतम 10 लाख, सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में पीड़ित को अधिकतम 10 लाख, दुष्कर्म के मामले में अधिकतम 7 लाख, स्थायी निशक्तत: पर 2 से 5 लाख, मानसिक क्षति, जिसमें पुनर्वास की आवश्यकता पर 1 से 2 लाख, जलने से पीड़ित को 2 लाख से 8 लाख और तेजाब हमले के पीड़ित को 3 लाख से 8 लाख रुपये प्रतिकार दिया जाएगा। सरकार ने डाक्टर, सहायक प्राध्यापक और चिकित्सा अधिकारियों के वेतन को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग को मान मान लिया है और विशेषज्ञ संवर्ग को 35 वर्ष की सेवा में लगभग 60 लाख, चिकित्सा अधिकारी संवर्ग को 1.1 करोड़ रुपये, सहायक प्राध्यापक को 1.53 करोड़ और प्रदर्शक को 1.66 करोड़ रुपये का अलग से लाभ प्रदान किया जाएगा।

श्री सारंग ने बताया कि बैठक में लाड़ली बहनों को श्रावण मास में 450 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर कैबिनेट ने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की सभी हितग्राही और लाड़ली बहना योजना में पंजीकृत महिलाओं को श्रावण मास में रिफिल कराया गया। उन्होंने बताया कि रसोई गैस सिलेंडर 450 रुपये में उपलब्ध कराने के निर्णय का समर्थन किया। 4 जुलाई से 31 अगस्त के बीच में महिलाओं के नाम से गैस कनेक्शन होने पर गैस रिफिल पर यह सुविधा दी जाएगी।

## नेशनल लोक अदालत 14 हजार मामलों का निराकरण

# महिला को हुआ गलती का एहसास तो पति पर लगाया प्रकरण लिया वापस

### भाभी भाभी ने देवर से झूठा मुकदमा वापस लिया

**भोपाल, देशबन्धु।** भोपाल में तीसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष मनोज कुमार श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में शनिवार को किया गया। लोक अदालत में न्यायालय में लंबित चेक बाउंस, क्लेम प्रकरण, विद्युत अधिनियम, वैवाहिक विवाद सम्बन्धी व अन्य सिविल प्रकरण सहित कुल 20 हजार से अधिक राजीनामा प्रकरण रखे गये थे। इनमें से राज़ीनामा के आधार पर कुल 14 हजार 228 मामलों का हुआ निराकरण हुआ।

एडवोकेट फुरकान खान ने बताया कि लोक अदालत में कई मामलों के बीच एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसमें भोपाल में रहने वाली एक महिला ने दो साल पहले अपने पति पर दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज करवाया था। इस मामले में महिला सास-ससुर का नाम भी शामिल किया था। लेकिन सच यह था कि महिला को पति के साथ नहीं रहना था। अब जब मामला लोक अदालत में आया तो यहां महिला को अपनी गलती का एहसास हुआ और उसने अपनी गलती को मानते हुए सहमति से मुस्लिम विधि के अनुसार तलाक ले लिया। और अपना दहेज प्रताड़ना का मामला भी वापस ले लिया। अब इनके दोनों बच्चे महिला के साथ रहेंगे।

श्री खान ने बताया कि इसी तरह पिपलानी इलाके में रहने वाले एक युवक और उसकी पत्नी पर उनकी भाभी द्वारा मारपीट का मामला दर्ज किया गया था। करीब साल भर पहले हुए इस प्रकरण को आज लोक अदालत में विधान महेश्वरी की अदालत में सुना गया। इस दौरान भाभी ने अपनी गलती मानी और यह मामला वापस लिया। इस तरह से इस मामले में समझौता हुआ।

### उपभोक्ता लोक अदालत में 38 प्रकरणों का निराकरण

मध्यप्रदेश राज्य उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग भोपाल एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग में राज्य उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष न्यायमूर्ति शांतनु एस. केमकर के मार्गदर्शन में राज्य उपभोक्ता आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता आयोग कार्यालयों में नेशनल उपभोक्ता लोक अदालत का आयोजन हुआ। राज्य उपभोक्ता आयोग द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार राज्य उपभोक्ता आयोग एवं प्रदेश के जिला उपभोक्ता फोरमों में विचाराधीन बैंकिंग, बीमा, विद्युत, चिकित्सा, टेलीफोन, कृषि, ऑटोमोबाइल्स, हाउसिंग, एयरलाइंस, रेल्वे आदि के 38 प्रकरणों का निराकरण कर 90 लाख 80 हजार पाँच सौ 74 की राशि वितरित की गयी। इसी प्रकार प्रदेश के सभी जिला आयोगों में 717 प्रकरणों का निराकरण समझौते के माध्यम से किया गया और 7 करोड़ 14 लाख 91 रूपये की राशि वितरित की गयी।

### कॉलेज में आनलाइन प्रवेश शुल्क 15 तक जमा होगा

**भोपाल, देशबन्धु।** निजी अशासकीय महाविद्यालयों में स्नातक तथा स्नातकोत्तर कक्षाओं के लिए ऑनलाइन प्रवेश का छठवां कॉलेज लेवल काउंसलिंग चरण सोमवार को प्रारंभ हुआ आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान 15 सितंबर तक किया जा सकेगा। प्रावीण्य सूची 6 सितंबर को महाविद्यालय की सूचना पटल पर प्रदर्शित की जाएगी। विद्यार्थी आवंटित महाविद्यालयों में ऑनलाइन प्रवेश शुल्क का भुगतान कर आवश्यक होने पर प्रवेश के लिए इच्छित महाविद्यालय में विशेष समूह के अपग्रेडेशन 6 से 12 सितंबर तक कर सकते हैं।

## देवेन्द्र सूद और डॉ. वाजपेयी को मिला डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान

# भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान-उषा



**भोपाल, देशबन्धु।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान है। सुश्री ठाकुर शनिवार को राज्य संग्रहालय सभागार में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्टीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी।

सुश्री ठाकुर ने समारोह में देवेन्द्र सिंह सूद को वर्ष 2020-21 और डॉ. शिवाकांत वाजपेयी को वर्ष 2021-22 के डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें सम्मान स्वरूप शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सामान के साथ दो लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही संचालनालय पुरात्व द्वारा आयोजित जश्ने-आज़ादी का सफ़रनामा प्रदर्शनी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुश्री ठाकुर ने सांस्कृतिक राष्टवाद की भावनाओं को अंतर्राष्टीय क्षितिज पर स्थापित करने के लिए सम्मानित हस्तियों की तपस्या को नमन किया। और` पुरातत्व की प्रमाणिकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पुरातत्वविदों को धन्यवाद दिया। उन्होंने विदिशा के शैलचित्र पर आधारित पुस्तक शैलाश्रय का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने का अहम कार्य करने वाले पुरातत्वविदों को सम्मानित कर संस्कृति विभाग गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि विरासत संरक्षण की दिशा में कामयाब होने के लिए एएसआई, संस्कृति विभाग, पुरातत्व को संयुक्त प्रयासों के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग लेना होगा। उन्होंने धरोहर के संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की भी जानकारी दी। समारोह में आयुक्त पुरातत्व श्रीमती उर्मिला शुक्ला, उपसंचालक रमेश यादव सहित संबंधित अधिकारी और पुरातत्वप्रेमी उपस्थित रहें।

उल्लेखनीय है कि सम्मानित होने वाले देवेन्द्र सिंह सूद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल मण्डल से उप अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत हुए है। और वर्तमान में सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनका मंदसौर में यशोवर्मन के सोंधनी स्तंभ, धार की बाघ की गुफाएं, भोजशाला और मांडू के स्मारक, मुरैना के ककनमठ मंदिर और रायसेन के सांची स्तूप जैसे अनेक स्मारकों के संरक्षण में विशेष योगदान रहा है। कंबोडिया में अंकोरवाट मंदिर, ताप्रोम मंदिर और अन्य स्मारकों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए कंबोडिया के शाही शासन द्वारा 2018 में चैविलियर और 2022 में ऑफिसर के सम्मान से सम्मानित किया गया था। वहीं डॉ. शिवाकांत वाजपेयी वर्तमान में भारतीय पुतत्व सर्वेक्षण जबलपुर वृत्त में अधीक्षण पुरातत्वविद के पद पर सेवारत है। उनका भीमबैठका (मध्यप्रदेश), श्रावस्ती (उत्तरप्रदेश), ढलेवां (पंजाब), राखीगढ़ी (हरियाणा), बालाथल (राजस्थान), हथनूर (महाराष्ट्र) में पुरातात्विक उत्खननों सर्वेक्षणों में अहम योगदान रहा। उनके द्वारा लगभग 50 से अधिक महत्त्वपूर्ण शोध पत्रों एवं 10 पुस्तकों का लेखन, प्रकाशन एवं संपादन किया जा चुका है। इसके साथ ही उनकी छत्तीसगढ़ के विलुप्त इतिहास की कड़ियाँ जोड़ने वाले पुरास्थल डमरू (जिला बलौदाबाजार) के उत्खनन के निदेशक के तौर पर विशिष्ट पहचान है। डॉ. बाजपेयी ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए नेपाल. ब्रिटेन, श्रीलंका तथा इटली की अकादमिक यात्राएँ एवं अंतर्राष्टीय सेमीनारों में सहभागिता भी की है।

## हड़ताली पटवारियों के बीच पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कहा

# सरकार बनते ही पटवारियों का पे-ग्रेड 28 सौ रुपए होगा

**भोपाल/ छिंदवाड़ा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हड़ताली पटवारियों से मिलने आज पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पहुंचे। उनकी लंबित मांगों पर चर्चा करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनते ही सबसे पहले पटवारियों का पे-ग्रेड 28 सौ रुपए कर दिया जाएगा। पटवारियों की अन्य मांगों का भी कमलनाथ ने समर्थन किया।

श्री कमलनाथ ने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के संघर्ष में वे उनके साथ हैं, उन्होंने यह भी कहा कि हर वर्ग के साथ न्याय होना चाहिए। पटवारियों से संवाद करते हुए श्री कमलनाथ ने कहा कि एक पटवारी का रोल कितना महत्वपूर्ण होता है, वह कितने विभागों का काम अकेला करता है, यह बात सभी जानते हैं। सभी के साथ न्याय हो ऐसी सरकार होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार बनते ही हम पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का भी आश्वास न दिया और कहा कि सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ न्याय हो ऐसी सरकार स्थापित की जाएगी। कमलनाथ



ने कहा कि भाजपा सरकार कर्ज लेकर बड़े-बड़े ठेके दे रही है, ताकि उनका कमीशन बन सके, सरकार द्वारा लिए गए कर्ज से किसी कर्मचारी का, आशा, उषा बहनों का, आउटसोर्स कर्मचारियों का पटवारियों का, किसी का भला नहीं हो रहा है। यदि भला हो रहा है तो चंद ठेकेदारों और भाजपा नेताओं का। उन्होंने कहा कि आप सबको भी जागरूक बनना पड़ेगा और आम जनता को भी जागरुक होना होगा।

### ग्वालियर में नंदिनी गुप्ता का प्रतिष्ठित जनों ने किया स्वागत



**भोपाल, देशबन्धु।** चार्टर्ड अकाउंट की परीक्षा में देश में प्रथम स्थान हासिल कर दुनिया की सबसे कम उम्र सीए बनने वाली वाली मुरैना की नंदिनी गुप्ता का ग्वालियर के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं वरिष्ठ जीएसटी कर सलाहकार प्रमोद गुप्ता के सिटी सेंटर ऑफिस में अभिनंदन ,स्वागत किया गया। इस स्वागत श्रृंखला में नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, पूर्व महापौर समीक्षा गुप्ता, वरिष्ठ समाज सेवी अशोक गोयल, उद्योगपति मुकेश अग्रवाल, वरिष्ठ सीए जीडी लड्ढा सहित नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल थे। इस अवसर पर श्री गुप्ता ने कहा है कि मुरैना की बेटी ने देश-प्रदेश में ही नहीं, दुनिया में भी मुरैना का नाम रोशन किया है। मुझे इस बिटिया पर गर्व है। नंदिनी ने अपनी मेहनत के बल पर गिनीज़ बुक ऑफ वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड्स में अपना नाम दर्ज करवाया है। मैं नंदिनी और उसके पूरे परिवार को बधाई देता हूं।

### साधना की जन्मतिथि पर संगीत कार्यक्रम आज

**भोपाल, देशबन्धु।** हिंदी सिनेमा की बेमिसाल अदाकारा साधना जन्मतिथि के अवसर पर के फिल्मी गीतों पर आधारित एक संगीत कार्यक्रम रविवार,दस सितंबर की शाम 5 बजे से एस वी पॉलिटेक्निक कालेज के ऑडिटोरियम में होगा। मुस्कान संगीत समूह के इस कार्यक्रम में भोपाल के अनेक शौकिया गायक अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करकरीब दो दर्जन गीत प्रस्तुत करेंगे।


**पश्चिम मध्य रेल**

**खुली ई-निविदा सूचना,**
**सं. भोपाल/टीआरडी/ड्राइंग/डब्ल्यूसी/324 एंड 413 दिनांकः 08.09.2023**

वरि. मंडल विद्युत इंजी./टीआरडी/पश्चिम मध्य रेल, भोपाल, भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए उनके समक्ष दर्शाई गई दिनांक को 11:00 बजे तक ई- टेन्डर आमंत्रित करते है। संपुर्ण निविदा प्रपत्र तथा निविदा से सम्बधित पूर्ण जानकारी वेबसाईट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है, इस टेन्डर के लिये कोई मैन्युअल ऑफर मान्य नही है। इस निविदा में कोई आवश्यक संशोधन, यदि जरूरी हो, तो निविदा खुलने के पूर्व वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। जिसे टेन्डर खुलने के दिन तक देखा जा सकता है- **निविदा क्र:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यूसी/324, **कार्य का विवरण:** आउटसोर्सिंग ऑफ आल पी.एस.आई. मेंटेनन्स एक्टिविटी एन विजयपुर - मक्सी एंड गुना ग्वालियर सेक्शन ऑफ भोपाल डिवीज़न फॉर दी थ्री ईयर, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 36 माह, **अनुमानित लागत रू. में:** 10748043.94, **ईएमडी रू में:** 203800.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 03.10.2023 को 11.00 बजे तक। **निविदा क्र:** बीपीएल/टीआरडी/डीआरजी/डब्ल्यू सी/413, **कार्य का विवरण:** एलिमिनेशन ऑफ क्रिटिकल लोकेशन हेविंग इम्प्लान्टेशन लेस देन 2.50 मी. इन दी जुरिस्डिकसन ऑफ डीईई (टी आर डी)/इटारसी ऑफ भोपाल डिवीज़न, **कार्य समाप्त करने की अवधि:** 12 माह, **अनुमानित लागत रू. में:** 22875173.80, **ईएमडी रू में:** 264400.00, **जमा करने की अंतिम तारीख एवं समय:** 03.10.2023 को 11.00 बजे तक।

**वरि. मंडल विद्युत इंजीनियर,टीआरडी, पश्चिम मध्य रेल, भोपाल**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर


# 15 से लगेगा 2 दिवसीय विज्ञान मेला, इसरो के वैज्ञानिक होंगे सम्मानित



**भोपाल, देशबन्धु।** म.प्र. विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और विज्ञान भारती के संयुक्त तत्वावधान में 10 वां भोपाल विज्ञान मेला बीएचईएल दशहरा मैदान, में 15 से 18 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। चंद्रयान-3 की अभूतपूर्व उपलब्धि का उत्सव मनाने के लिए भोपाल विज्ञान मेले में इस मिशन से जुड़े डायरेक्टर सहित देश की 3 हस्तियों को सम्मानित किया जाएगा।

यह जानकारी विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री ओमप्रकाश सखलेचा ने दी। उन्होंने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि भारत को पूरे विश्व में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मजबूती से स्थापित करने एवं देश को गौरव की अनुभूति कराने वाले देश के शीर्ष वैज्ञानिक चन्द्रयान- 3 के मिशन डायरेक्टर डॉ. पी. वीरामुथुवेल, इसरो बैंगलूरू, वन्दे भारत के चीफ आर्किटेक्ट सुधांशु मनी के साथ ही एम्स दिल्ली की डॉ. रमा जयासुंदर को भी विज्ञान प्रतिभा सम्मान से सम्मानित किया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि विज्ञान प्रतिभा सम्मान पूर्व में भी डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा, आउट स्टेडिंग सांईटिस्ट एण्ड चीफ कन्ट्रोलर ब्रम्होस, डॉ. पी. कुन्हीकृष्णन, डायरेक्टर, सतीश धवन स्पेस सेंटर, इसरों, प्रो. एम. जगदेश कुमार, पूर्व कुलपति, जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, दिल्ली यू. राजा बाबू, प्रोग्राम डायरेक्टर, डीआरडीओ, हैदराबाद को दिया जा चुका है। उन्होंने बताया कि 17 और 18 सितम्बर को चन्द्रयान-3 महोत्सव का आयोजन भी किया जाएगा।


**शपथ पत्र**

मैं संजय कुमार केने (SANJAY KUMAR KENE) पुत्र श्री शेषराव केने आयु-वयस्क, निवासी-डी-2, जे.पी. कालोनी, नियर सेंट पॉल हा.से. स्कूल, मराठी मंदिर, आनंद नगर, हुजूर, भोपाल, म.प्र. का होकर शपथपूर्वक कथन करता हूं किः

1. यह कि मैं उक्त पते पर अपने परिवार के साथ निवासरत हूं।
2. यह कि मेरे पुत्र का श्रेयांश केने (SHREYANSH KENE) है जो कि वर्तमान में सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल में कक्षा 9वीं का नियमित छात्र है।
3. यह कि मेरे पुत्र के शाला अभिलेखों में पिताजी का नाम उपनाम सहित अंग्रेजी में SANJAY KENE अंकित है जो कि मेरा अपूर्ण नाम है।
4. यह कि मेरा सही नाम उपनाम सहित (SANJAY KUMAR KENE) है, जिसके समर्थन में मेरे आधारकार्ड एवं समग्र आईडी की छायाप्रति संलग्न है।
5. यह कि (SANJAY KUMAR KENE) एवं (SANJAY KENE) उक्त दोनों नाम मेरे स्वयं के ही है, यदि मेरे उक्त नामों के संबंध में भविष्य में कोई विवाद होता है तो इसके लिये मैं स्वयं जिम्मेदार रहूंगा।
6. यह कि अब मैं शाला अभिलेखों में पिताजी का पूर्ण नाम उपनाम सहित (**SANJAY KUMAR KENE**) अंकित करवाना चाहता हूं, जिसके लिये यह शपथपत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।
7. यह कि यह शपथपत्र अपने उक्त कथनों के समर्थन में सेंट पॉल को-एड स्कूल, भोपाल के समक्ष प्रस्तुत रहा हूं।

**शपथग्रहिता**



**मातभूमि बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिरोंज जिला विदिशा म.प्र.**

क्रमांक/ आमसभा/क्यू//2023-24 दिनांक 09/09/2023

**वार्षिक आमसभा सूचना**

मातृभूमि बीज उत्पादक सहकारी संस्था मर्यादित सिरोंज के समस्त अंशधारी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि संस्था की वार्षिक साधारण सभा दिन **शनिवार दिनांक 23.09.23** को दोपहर 1.00 बजे स्थान समिति मुख्यालय सिरोंज में आयोजित की जावेगी। गणपूर्ति कोरम के अभाव में बैठक स्थगित होने की दशा में स्थगित साधारण सभा की बैठक उसी दिन उसी स्थान पर आधा घण्टे के पश्चात होगी। जिसमें गणपूर्ति आवश्यक नहीं होगी। बैठक में आपकी उपस्थिति प्रार्थनीय है।

**हेमन्त सिंह रघुवंशी**
**अध्यक्ष**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हम क्रमशः करन सिंह राजपूत आत्मज श्री देवी सिंह राजपूत आयु वयस्क, श्रीमती धनबाई राजपूत पत्नी श्री भगवान सिंह राजपूत आयु-वयस्क निवासी एच-5, रिचा परिसर श्री नारायण मन्दिर कान्हाकुंज कोलार रोड भोपाल द्वारा श्रीमती निरजा दुबे पत्नी श्री संतोष नारायण दुबे आयु वयस्क निवासी 21 सुरेन्द्र इन्क्लेव ई-8, अरोरा कालोनी भोपाल म.प्र. की एक किता भूमि जिसका खसरा क्रमांक- 39 रकबा 0.120 हेक्टेयर अर्थात 0.30 एकड है जिसमें से 78X77=6006 वर्गफिट भूमि क्रय की जा रही है, जो ग्राम अकबरपुर पटवारी हल्का नं. 30 रा.नि.म. 03 विकास खण्ड फंदा तहसील हुजूर जिला भोपाल जो कोलार नगर निगम की सीमाओं के अन्दर वार्ड क्रमांक 81 में मुख्य मार्ग से 01 कि.मी. अंदर की ओर स्थित है। जिसकी टोकन राशि अदा कर दी गई है ।

यदि उपरोक्त वर्णित भूमि के किसी हिस्सा भाग से किसी भी शासकीय/अर्द्धशासकीय, व्यक्ति, वित्तीय संस्था, बैंक, सोसायटी या अन्य का किसी प्रकार को कोई हित स्वत्व संबंध या किसी प्रकार कोई लेन-देन अथवा उक्त संपत्ति कहीं भार सम्यक, बंधक आदि हो तो वह इस जाहिर सूचना के 07 दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित दस्तावेज के निम्न दस्तावेज के निम्न दिए गए पते एवं मो.नं. पर आपत्ति प्रस्तत करें । समयावधि निकल जाने पर हम बंधनकारी नहीं होंगे । अथवा उक्त भूमि क्रय करने हेतु स्वतंत्र रहेगे ।

**भवदीय**
**करन सिंह**
**धनबाई राजपूत पत्नी भगवान सिंह राजपूत**
**निवासी-एच-5, रिचा परिसर श्री नारायण मन्दिर कान्हाकुंज कोलार रोड भोपाल मोबा. 9479953250, 9827007722**



**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भगवान सिंह राजपूत पुत्र श्री देवी सिंह राजपूत निवासी - मकान क्रमांक-97 दुर्गा चौक, शाहपुरा, भोपाल (म.प्र.) ने अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य के दो आवासीय भवन जो भूखण्ड क्रमांक-05 एवं 06 पर निर्मित है (भूखण्डों को कुल क्षेत्रफल 2500 वर्गफीट) जो खसरा क्रमांक 3/1/1/13/7/5/6 के अंश भाग पर स्थित अकबरपुर पटवारी हल्का क्रमांक-39, तहसील हुजूर जिला भोपाल जिसकी चतुर्थ सीमाएं निम्नानुसार है - पूर्व में- अन्य संपत्ति, पश्चिम में- भूखण्ड क्रमांक-04, उत्तर में- रोड एवं दक्षिण में- प्लाट क्रमांक- 08 एवं 09 है उक्त भूखण्डों को सतीश कुमार शर्मा आत्मज स्वर्गीय श्री रामप्रसाद जी शर्मा निवासी- फ्लेट क्रमांक- एम-2, प्लाट क्रमांक 515, वसुंधरा आपार्टमेंट, सर्वधर्म कालोनी, बी-सेक्टर कोलार रोड, भोपाल से विक्रय पत्र दिनांक 26 अक्टूबर, 2002 के माध्यम से क्रय किया था । उपरोक्त विक्रय पत्र के संबंध में संशोधन पत्र दिनांक 16 अगस्त 2010 किया जा चुका है जिसका पंजीयन उप पंजीयक कार्यलय भोपाल में दिनांक 16 अगस्त, 2010 को ग्रन्थ क्रमांक अ-1/34404 एवं दस्तावेज क्रमांक 1752(1) पर दर्ज है एवं श्री भगवान सिंह राजपूत पुत्र श्री देवी सिंह उपरोक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार बैंक के पक्ष में बंधक रखकर वित्तीय सहायता प्राप्त करना चाहते है । इस संबंध में यदि किसी भी व्यक्ति/सरकारी, गैर सरकारी संस्थ/बैंक को कोई आपत्ति है तो इस सूचना के प्रकाशन के सात दिवस के अंदर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें । समयावधि बीत जाने के उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी ।

**भवदीय**
**श्रीमती उमा गोलन्दाज एडवोकेट**
**बी-62, साईनाथ कालोनी कोलार रोड भोपाल, मोबाईल नं. 9691512256**

# दुख का कारण बन रहा उपभोक्तावाद



इसका असर देखिए! जिसके पास रीढ़ नहीं है वह भी महंगी पलंग और मैट्रेस ढूंढ रहा है। घड़ी पहले समय बताती थी अब औकात बताती है। धर्म के सर्वेसर्वा भी अंधकार का भय दिखाकर टॉर्च बेचने के फ़िराक में है। पैसे से पाप को पवित्र करने की परंपरा चल पड़ी है। स्कूल से लेकर अस्पताल तक सब कुछ फाइव स्टार। अब अगर मुर्दा भी उठकर अपने लिए कोई ब्रांडेड कफन मांग ले तो आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि उपभोक्तावादी दुनिया में सब संभव है।

■ दयानंद सीमा मिश्र

पिछले कुछ सालों में कितना कुछ बदल गया है। अखबार के इश्तिहार से लेकर इंसान के व्यवहार तक,चुनाव के प्रचार से भगवान के दरबार तक। सब कुछ एकदम रंगीन, इतना रंगीन कि मनुष्य इसके रंगत से वंचित न रहे। ताज्जुब कि ये सारे बदलाव मानव जीवन के उन्नत कि बुनियाद पर स्वीकार की गई है। जिसने एक नई जीवन शैली 'उपभोक्तावाद' को जन्म दिया है।

'उपभोक्ता' होना कहीं से अनुचित नहीं है लेकिन जैसे ही इसमें 'वाद' जुड़ता है। यह 'उपभोक्तावाद' नामक तंत्र लोभ,भय और नफ़रत के द्वारा संचालित होने लगता है।

उपभोक्तावाद की प्रवृत्ति मदारी की होती है। जहाँ कुछ पूंजीपति, बड़े समूह को अपने अनुसार नचाते हैं। वास्तव में उपनिवेशवाद से उद्योगवाद तक की यात्रा में एक समानता है 'सामंतवाद' की।

जिसके जरिए मनुष्य को ग़ुलाम बनाए रखने की गहरी साजिश जान पड़ती है, क्योंकि हम वही कर रहे हैं जो कुछ चंद पूंजी वाले चाहते हैं।

अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा कि 'मनुष्य वह कर सकता है जो वह चाहता है पर वह यह चाह नहीं सकता कि क्या चाहे!' आज आपके 'चाहने' पर कुछ पूंजीवादी लोगों का नियंत्रण है।

भौतिकवाद का स्वभाव अधिक वस्तुओं के स्वामी होने पर अधिक सुख जैसा है। अब भला सुख से कोई क्यों विमुख रहना चाहेगा? लेकिन महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि सुख के लिए पूरे संसार पर अपनी मनमानी चलाना जरूरी है? सुख की शर्त ऐसी नहीं हो सकती। हाँ लोभ की ऐसी शर्त अवश्य है कि सभी वस्तुओं पर अपना अधिकार हो। मानव जीवन की दो प्रमुख बातें है। एक 'आवश्यकता' जो पूर्ण होने पर 'सुख' की अनुभूति देती है, दूसरा 'वासना' जो 'लोलुपता' को आकर्षित करती है। जीवन की वास्तविक आवश्यकता रोटी,कपड़ा,मकान,स्वस्थ शरीर और प्रेम यहीं है। इससे आगे जो कुछ भी है वह वासना है अर्थात अहंकार,महत्वाकांक्षा,पाखंड।

इसका असर देखिए! जिसके पास रीढ़ नहीं है वह भी महंगी पलंग और मैट्रेस ढूंढ रहा है। घड़ी पहले समय बताती थी अब औकात बताती है। धर्म के सर्वेसर्वा भी अंधकार का भय दिखाकर टॉर्च बेचने के फ़िराक में है। पैसे से पाप को पवित्र करने की परंपरा चल पड़ी है। स्कूल से लेकर अस्पताल तक सब कुछ फाइव स्टार। अब अगर मुर्दा भी उठकर अपने लिए कोई ब्रांडेड कफन मांग ले तो आश्चर्य नहीं होगा क्योंकि उपभोक्तावादी दुनिया में सब संभव है।

फणीश्वरनाथ रेणु ने कहा कि 'जाति दो ही है एक गरीब और दूसरा अमीर' और यह सच भी है। भौतिकवादी दुनिया में चंद पूंजीपतियों को छोड़कर सब गरीब है लेकिन कोई मनाने को तैयार नहीं और अच्छी बात ये है कि सरकार और पूंजीपति भी यही चाहते हैं कि आप बनावटी विलासिता के मेटावर्स में स्वघोषित राजा बने रहें।

दरअसल उपभोक्तावाद की जिस अंधी दौड़ में आप दौड़ रहे है या प्रेरित हो रहें है। उसका कोई एंडिंग पॉइन्ट नहीं है। अगर आप जीत भी गए तो कुछ हासिल नहीं होगा क्योंकि इस दौड़ का विजेता पहले से निर्धारित है।

प्रश्न यह उठता है कि उपभोक्तावाद से समस्या क्या है? वैसे तो इस दौर की अधिकाधिक समस्याओं की जननी ही उपभोक्तावाद है। फिर भी इसका सीधा प्रभाव पर्यावरणीय स्थिरता पर पड़ता है। इच्छा को पूरा करने के लिए न केवल प्राकृतिक संसाधनों का ह्रास हो रहा है बल्कि इसका दुष्परिणाम भी हमारे के सामने है। आज हमारे बीच एक ऐसा अभिजात वर्ग बनकर तैयार हुआ है। जो दावा करता है कि पैसे से सब कुछ संभव है। प्रेम,करुणा,दया यहाँ तक कि इंसानी शरीर भी इसके लिए वस्तु है। मैं इससे बहुत ज्यादा अचंभित नहीं हूं क्योंकि जिस समाज में प्रतिष्ठा का आधार ही भौतिक सुख मांग लिया गया हो, जहाँ स्वभाव की नहीं प्रभाव की पूजा होती हो,संस्कार नहीं अहंकार का गुणगान होता हो, चरित्र का नहीं पूंजी की स्तुति होती हो वहाँ क्या ही उम्मीद की जा सकती है।

बाजार की संस्कृति के सामने परिवार व स्कूल जैसे संस्थाओं के मूल्य कमजोर पड़ रहे है। परिणाम स्वरूप लगाव, भावना, संयम, अनुशासन, परंपरा, सहानुभूति और प्रेम जैसे शब्द हमारे स्वस्थ समाजीकरण के पृष्ठभूमि से गायब हो रहा है।

पिछले दिनों एसोचैम के सोशल डेवलपमेंट फाउंडेशन ने देश के तीन हजार कामकाजी माता-पिता पर एक अध्ययन कराया था। इसमें पता चला कि कामकाजी माता-पिता के पास अपने बच्चों के साथ समय गुजारने के लिए केवल बीस मिनट का समय रह गया है। निश्चित ही पूँजीवादी दुनिया के लिए अच्छी खबर हो सकती है लेकिन आपके बच्चों और सभ्य समाज के विकास के लिए इससे बड़ा दुर्भाग्य और क्या होगा?

इस जीवन शैली ने एक ओर अमीर व्यक्ति के भीतर की क्रूरता जगाई तो दूसरे ओर गरीबी के अभाव ने अंदर की विद्रोह को हवा दी। सच यह है कि इस प्रतिशोध में दोनों जल रहे हैं। एक वैभव के ढोंग को बरकरार रखने के लिए और दूसरा वैभव के पाखंड को प्राप्त करने के लिए।

जबतक किसी भी समाज के विकास का मापदंड इकोनॉमिक ग्रोथ और जीडीपी के आंकड़े रहेंगे तबतक न्यूनतमवाद का सिद्धांत, पर्यावरणीय चेनता और मानवीय मूल्य सिर्फ़ भ्रम फैलाने वाले झूट ही साबित होंगे।

अंतत: इस जीवन शैली के विस्तार से सामाजिक सरोकार कमजोर पड़ रहे है। सांस्कृतिक अस्मिता का ह्रास हो रहा है, मर्यादाएं टूट रहीं है,नैतिक मापदंड ढीले पड़ रहे है। भोग की इच्छाएं आसमान छू रही हैं, स्वार्थ परमार्थ पर हावी हो रहीं है यह गंभीर चिंता का विषय है।

गांधी जी ने कहा था कि स्वस्थ सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाज़े-खिड़की खुले रखे पर अपनी बुनियाद पर क़ायम रहें।

हास्य व्यंग्य

## बिना ताज के महाराज

किसी भी सरकारी दफ्तर में बड़े साहब होना। भगवान का बहुत बड़ा आशीर्वाद है।

आजकल धरती पर भगवान जब किस्मत में राजयोग लिखते हैं तब सरकारी दफ्तर में बड़े साहब होना लिखते हैं। अब राजो महाराजो का समय तो रहा नहीं वरना कहीं का राजा होना लिख देते । बड़े साहब और महाराज बस शब्द अलग-अलग है लेकिन उनकी ताकत, रुतबा, दबदबा एक जैसे ही होती है। सरकारी दफ्तर के बड़े साहब बिना ताज के महाराज होते हैं । इन सरकारी दफ्तर के बड़े साहबों की जिंदगी बड़े ही आनंद में कटती है।दुख और दरिद्रता इनसे सौ कदम दूर भागती है। उनकी जिंदगी में सिर्फ सावन का हरा-हरा , हरा-भरा बसंत होता है। पतझड़ नाम की कोई ऋतु नहीं होती है । उनकी की जिंदगी में सब रस रंग और स्वाद होते हैं। उनकी जिंदगी में बेस्वाद कुछ भी नहीं होता है। वह जिधर भी नजर घुमा देते हैं। वही से स्वाद आकर उनके जिह्वा पर विराजमान हो जाती है। और यदि किसी सरकारी नेता का वरदहस्त प्राप्त हो तो फिर तो उनका कहना ही क्या है। सोने पर सुहागा ही मान लीजिए । एक बार बड़े साहब बनने के बाद उनके भाग्य खुलते नहीं है। बल्कि हर तरफ से खुल ही जाते हैं । उसके बाद तो उनका बुरा करने के लिए तो स्वयं ईश्वर को ही अवतरित होना पड़ता है। उनके अलावा उनका बुरा और कोई नहीं कर सकता है। लेकिन वह जिसका बुरा करने पर उतारू हो जाए। उन्हें तो ईश्वर के द्वारा भी सुरक्षा नहीं मिलती है । और उनका बर्बाद होना तय हो जाता है। वह छुट्टा सांडो से होते हैं वह किसी को भी सींग मारने के लिए स्वतंत्र होते हैं किसी को भी परेशान कर सकते हैं।

लेकिन उनके मातहत जानते हैं कि किस बात पर साहब प्रसन्न हो सकते हैं और किस बात पर सब की जीभ का स्वाद बिगाड़ सकते है । उनसे किसी फाइल पर रात के 12-00 बजे भी साइन कैसे करवा सकते हैं । उन्हें साइन करवाने का तरीका पता रहता है। वह जानते हैं कि साहब को फीकी चीज पसंद नहीं पड़ती है। उनके आगे जब भी कोई फाइल ले जाना है तो सबसे पहले उनके मुंह का स्वाद बनाना पड़ता है। कुछ लोग इसे भ्रष्टाचार कहते हैं। लेकिन साहब के मातहत लोग इसे साहब का मूड बनाना और खाने में अचार की संज्ञा देते हैं । साहब का एक ही कहना है स्वाद तो हर कोई ले रहा है। अचार के शौकीन तो ऊपर से लेकर नीचे तक भरे पड़े हैं। एक अकेले हम ही थोड़े ही ना है। अचार तो हर कोई खा रहा है ऊपर से नीचे तक सभी खा रहे हैं। तुम लोग तो छोटा सा टुकड़ा खिलाते हो। और उसमें तुम्हारी जान जाती है लेकिन ऊपर वाले को तो कभी-कभी अचार की पूरी बरनी ही थमानी पड़ती है। उनके पास खाने वाले हजार मुंह है। और हजार तरीके भी वह जानते हैं।

लघुकथाएं ■ दयानंद सीमा मिश्र

## मुखौटा



अखिल भारतीय प्रगतिशील महिला समिति के वार्षिकोत्सव की तैयारियां हो रहीं थी। महिलाओं की केन्द्रीय कमेटी ने विचार-विमर्श के बाद सर्वसम्मति से यह तय किया कि इस बार दंश के सम्पादक को मुख्य अतिथि के रूप में निमंत्रित किया जाये क्योंकि पिछले एक दशक से वे महिलाओं की ज्वलन्त समस्याओं पर निरन्तर अपनी पत्रिकाओं में सवाल उठा रहे हैं और स्त्री मुक्ति का नारा दे रहे हैं। सम्मेलन प्रारम्भ हुआ। सम्पादक जी आये और अध्यक्ष पद से बोलते हुये उन्होंने कहा कि ''वर्तमान मध्यमवर्गीय समाज में घरेलू हिंसा की घटनायें अखबार की सुर्खियों बनी हुई हैं।'' अन्त में उन्होंने पुरूषों को चेतावनी देते हुए कहा कि ''यदि वे पुरूष श्रेष्ठता के दंभ को समाप्त नहीं करते तो महिलायें निकट भविष्य में पुरूषों के खिलाफ विद्रोह करने को विवश हांगी।'' तालियों की गड़गड़ाहट के साथ उनका भाषण समाप्त हो गया । वे अपनी कार में बैठकर घर आ गये। घर पर नौकर ने बताया कि उनकी पत्नी सुधा उनके जाने के बाद घर से चली गयी थी और अभी तक नहीं आई है। सम्पादक जी के चेहरे पर खामोशी भरे आक्रोश के निशान उभर आये। तभी सुधा ने घर में प्रवेश किया। वे डपट कर बोले-''मैंने तुमसे कितनी बार कहा है कि जब मैं घर आया करूं उस समय तुम्हारा मौजूद रहना बहुत जरूरी हैं, लेकिन तुम अपनी हरकतों से बाज नहीं आती हो।'' वे शायद गुस्से में कुछ और भी कहते इसके पूर्व ही सुधा ने हाथ के इशारे से उन्हें चुप रहने का संकेत देते हुए कहा कि ''मैं सबसे पीछे बैठी हुई महिलाओं की सभा में आपका भाषण सुन रही थी। क्या ख्याल है? आप जो आक्रोशपूर्ण प्रतिक्रिया इस समय व्यक्त कर रहे हैं उसे मैं विस्तार के साथ प्रेस वालों को बता दूं।''

अब सम्पादक जी बगलें झांक रहे थे। उन्होंने अपनी भाषा में नम्रता घोलते हुए कहा-''अरे यार बात यह है कि मैं तुम्हें इतना प्यार करता हूं कि जब तुम घर पर नहीं होती हो तो मैं बेचैन हो जाता हूँ।''

सुधा मैं खूब समझती हूँ, कहते हुए व्यंग से मुस्करा रही थी।''

## चूक



वे दोनों अभी अधिक घनिष्ट नहीं हो पाये थे लेकिन शनैः शनैः परस्पर आकर्षण बढ़ रहा था। शाम को कॉलेज छूटने के बाद अमित किसी न किसी बहाने रोशनी से अवश्य मिलता था। कई बार रोशनी भी गेट के बाहर उसकी प्रतीक्षा करती रहती। इस तरह एक वर्ष व्यतीत हो गया। आज अमित घर से यह फैसला करके चला था कि उसे अपने दिल की बात रोशनी से कर लेनी चाहिए। वह अपने प्रति रोशनी के आकर्षण को भी कुछ-कुछ महसूस कर रहा था। शाम को छुट्टी के बाद दोनों मिलते हैं। अमित ने रोशनी से कहा, 'आज मैं तुमसे कुछ खास बात करना चाहता हूं।' रोशनी पुलकित हो उठी। उसके चेहरे से ऐसा लग रहा था कि जैसे वह अमित की पहल का इंतजार कर रही हो। वे दोनों एक सार्वजनिक पार्क की बेंच पर जाकर बैठ गये। कुछ देर की खामोशी के बाद रोशनी ने पूछा, 'हां अमित तुम मुझसे कुछ कहना चाहते थे।' अमित ने रोशनी से कहा, 'आई . . . . . . लव . . . यू।' वह पहली बार हकला रहा था। उसे यह कहने में कुछ सेकेंड लगे। रोशनी खिलखिलाकर हंस पड़ी हंसी थमने के बाद उसने अमित से कहा, 'ओह! तुमने मेरी समस्या हल कर दी।'' वह पुन: खिलखिलाकर हंस पड़ी। अमित कुछ आगे बढ़कर रोशनी के हाथों को अपने हाथ में लेते हुए बोला,- 'तुम मुझे एक मौका दो ! मेरा मतलब मैरिज से है, मैं जीवन भर इस दुनिया को तुम्हारी आंखों से देखता रहूंगा।' वह आगे बढ़कर उसे चूमना चाहता था। रोशनी ने उसे पीछे ढ़केलते हुए कहा- ''मिस्टर अमित चाहने तो मैं भी तुम्हें लगी थी लेकिन अब मैंने तुम्हे चाहने का इरादा त्याग दिया है। तुम आत्मविश्वास के साथ यह नहीं कह सकते कि तुम मुझे प्यार करते हो और इस दुनिया को मेरी आंखों से देखना चाहते हो। मैं इस दुनिया को मेरी अपनी आंखो से देखती हूं और मैं ऐसा जीवन साथी कभी पसन्द नहीं करूंगी जो दुनिया को मेरी आंखों से देखे। यह दुनिया विसंगतियों से भरी है। अपनी आंखों से देखकर इसमें जीवन गुजारने का रास्ता हर शख्स को खुद ही तय करना चाहिये। तुमने अपने बारे में सच बोलकर मेरी समस्या हल कर दी हैं। गुड बाय ! यह कहते हुए रोशनी अपने घर जा रही थी। अमित आश्चर्य से रोशनी को जाते हुए देख रहा था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि उससे चूक कहां पर हुई।

## प्रेग्नेंसी



दस साल तक लिव इन में रहने के बाद एक दिन प्रियंका ने अनूप से कहा कि ''मैं तुम्हारे बच्चे की मां बनने वाली हूं।'' उसने कहा-''डार्लिंग तुम्हें तो खुश होना चाहिये कि तुम बाप बनने वाले हो।'' यह बात उसने अनूप के चेहरे पर पुती कालिख को देखकर कही।

उसने फिर इठलाते हुये कहा, ''क्या बात है अनूप ? क्या तुम खर्चे को लेकर परेशान हो रहे हो ? हम लोग अभी तक अपना आधा-आधा खर्च उठा रहें हैं। बच्चे का खर्च भी आधा-आधा बंट जायेगा। वैसे तुम मुझसे कम कमाते हो इसीलिये मैं तुम्हें छूट भी दे सकती हूं और बच्चे का खर्च भी अकेले उठा सकती हूं। अब तो तुम्हें खुश होना चाहिये।

अनूप ने एक लम्बी सांस छोड़ते हुए कहा-''बात खर्च की नहीं है डार्लिंग ! मुझे बच्चे वाली औरतें पसन्द नहीं हैं। अगर तुमने एबार्शन न कराया तो बहुत सम्भव है मुझे तुमसे अलग होना पड़ेगा।''

''ओह गुड ! मेरा खयाल बिल्कुल सही था। अनूप मैंने तैयारी कर ली है।'' कहते हुए प्रियंका ने अटैची उठाई और कमरे से बाहर निकल गई। और जाते-जाते यह भी कहना न भूली-''मुझे अभी तक कोई प्रेग्नेंसी नहीं है दोस्त ! मैं तो तुम्हारी औकात जानना चहती थी।''

वह तेजी से सड़क पर जा रही है और अनूप ''सुनो तो ! सुनो तो डार्लिंग'' कहता हुआ कुछ दूर उसके पीछे गया पर निराश होकर लौट आया।

पाश की तीन कविताएं

## तुम्हारे बग़ैर मैं होता ही नहीं



तुम्हारे बग़ैर मैं बहुत खचाखच रहता हूँ
यह दुनिया सारी धक्कम-पेल सहित
बे-घर पाश की दहलीजें लाँघ कर आती-जाती है
तुम्हारे बग़ैर मैं पूरे का पूरा तूफ़ान होता हूँ
ज्वार-भाटा और भूकम्प होता हूँ

तुम्हारे बग़ैर
मुझे रोज़ मिलने आते हैं आइंस्टाइन और लेनिन
मेरे साथ बहुत बातें करते हैं
जिनमें तुम्हारा बिलकुल ही ज़िक्र नहीं होता
मसलन = समय एक ऐसा परिंदा है
जो गाँव और तहसील के बीच उड़ता रहता है
और कभी नहीं थकता
सितारे ज़ुल्फ़ों में गूँथे जाते
या ज़ुल्फ़ें सितारों में – एक ही बात है
मसलन = आदमी का एक और नाम मेन्शेविक है
और आदमी की असलियत हर साँस के बीच को खोजना है
लेकिन हाय-हाय!...
बीच का रास्ता कहीं नहीं होता
वैसे इन सारी बातों से तुम्हारा ज़िक्र ग़ायब रहता है

तुम्हारे बग़ैर
मेरे पर्स में हमेशा ही हिटलर का चित्र परेड करता है
उस चित्र की पृष्ठभूमि में
अपने गाँव की पूरे वीराने और बंजर की पटवार होती है
जिसमें मेरे द्वारा निक्की के ब्याह में गिरवी रखी ज़मीन के सिवा
बची ज़मीन भी सिर्फ़ जर्मनों के लिए ही होती है

तुम्हारे बग़ैर, मैं सिद्धार्थ नहीं – बुद्ध होता हूँ
और अपना राहुल
जिसे कभी जन्म नहीं देना
कपिलवस्तु का उत्तराधिकारी नहीं
एक भिक्षु होता है

तुम्हारे बग़ैर मेरे घर का फ़र्श – सेज नहीं
ईंटों का एक समाज होता है
तुम्हारे बग़ैर सरपंच और उसके गुर्गे
हमारी गुप्त डाक के भेदिए नहीं
श्रीमान बी.डी.ओ. के कर्मचारी होते हैं
तुम्हारे बग़ैर अवतार सिंह संधू महज़ पाश
और पाश के सिवाय कुछ नहीं होता

तुम्हारे बग़ैर धरती का गुरुत्व
भुगत रही दुनिया की तक़दीर होती है
या मेरे जिस्म को खरोंचकर गुज़रते अ-हादसे
मेरे भविष्य होते हैं
लेकिन किंदर! जलता जीवन माथे लगता है
तुम्हारे बग़ैर मैं होता ही नहीं।

## घास




मैं घास हूँ
मैं आपके हर किए-धरे पर उग आऊँगा

बम फेंक दो चाहे विश?वविद्यालय पर
बना दो होस?टल को मलबे का ढेर
सुहागा फिरा दो भले ही हमारी झोपड़ियों पर
मुझे क?या करोगे?
मैं तो घास हूँ, हर चीज़ ढंक लूंगा
हर ढेर पर उग आऊँगा

बंगे को ढेर कर दो
संगरूर को मिटा डालो
धूल में मिला दो लुधियाना का ज़िला
मेरी हरियाली अपना काम करेगी...
दो साल, दस साल बाद
सवारियाँ फिर किसी कंडक?टर से पूछेंगी –
卐यह कौन-सी जगह है?
मुझे बरनाला उतार देना
जहाँ हरे घास का जंगल है।卐

मैं घास हूँ, मैं अपना काम करूँगा
मैं आपके हर किए-धरे पर उग आऊँगा।

## सपने



हर किसी को नहीं आते
बेजान बारूद के कणों में
सोई आग को सपने नहीं आते
बदी के लिए उठी हुई
हथेली के पसीने को सपने नहीं आते
शेल्फ़ों में पड़े
इतिहास-ग्रंथों को सपने नहीं आते

सपनों के लिए लाज़िमी है
झेलनेवाले दिलों का होना
सपनों के लिए
नींद की नज़र होनी लाज़मी है
सपने इसलिए
हर किसी को नहीं आते

# बेतवा- पार्वती अंचल

## सार-समाचार

### अग्रवाल तरूण मंडल की नई कार्यकारिण का गठन

**सिरोंज, देशबन्धु।** अग्रवाल तरूण मंडल 50 वर्षों से अधिक समय से परंपरागत तरीके से महाराजा श्री अग्रसेन का जन्मोत्सव बड़ी धूमधाम से मनाते चला आ रहा है। अग्रवाल तरूण मंडल ने अपनी कार्यकारिणी का गठन किया है। जिसमें अध्यक्ष विकास गर्ग, उपाध्यक्ष निर्तेद्र गोयल, सचिव अर्पित मित्तल, कोषाध्यक्ष अंकुर मित्तल, व्यवस्थापक सुलभ गर्ग, सहसचिव नितिन मंगल, मीडिया एवं प्रचार प्रमुख अतुल गोयल, सांस्कृतिक प्रमुख सुदामा गर्ग, कार्यकारिणी सदस्य प्रणय सिंहल, नवीन मित्तल, मोहित बंसल, हर्षित सिंहल, सचित गोयल, यश गोयल, हिमांशु गर्ग (टीन्नू) साथ ही संस्था के वरिष्ठ सदस्यों को सलाहकार मंडल में रखा गया। जिसमें प्रहलाद बाबू सिंहल, रमेश चंद बंसल, प्रहलाद बाबू जी गोयल, राम बाबू जी मित्तल, कैलाश बाबू गर्ग को बनाया गया समाज के सभी बंधुओं ने नये पदाधिकारियों को बधाई दी।

### राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में जीते स्वर्ण पदक



**सिरोंज, देशबन्धु।** 67वीं राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता बैतूल 2023 1 से 5 सितंबर तक मध्य प्रदेश स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित की गई जिसमें एमपी के सभी 10 संभागों की ताइक्वांडो टीमों भाग लिया। आदर्श ताइक्वांडो क्लब के दो खिलाड़ियों ने भोपाल संभाग की टीम से खेलते हुए दोनों ने ही स्वर्ण पदक जीते और राष्ट्रीय शालेय ताइक्वांडो प्रतियोगिता के लिए मध्य प्रदेश की स्कूल टीम में अपना चयन पक्का करवाया। दोनो खिलाडियों में सब जूनियर बालक वर्ग समर्थ दिनकर वजन वर्ग अंडर 25 किलोग्राम एवं जूनियर बालिका वर्ग में कृतिका कोहली भजन वर्ग अंडर 52 किलोग्राम में खेलते हुए दोनों ने ही अपने-अपने वजन वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया। अब यह दोनों खिलाड़ी राष्ट्रीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में मध्य प्रदेश स्कूल टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे।

### जिले में अब तक 930.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**रायसेन, देशबन्धु।** जिले में 01 जून 2023 से 09 सितम्बर 2023 तक 930.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 492 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2023 से 09 सितम्बर 2023 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 732.6 मिलीमीटर, गैरतगंज में 1095, बेगमगंज में 990.8, सिलवानी में 815.6, गौहरगंज में 639, बरेली में 1246.4, उदयपुरा में 1163.8, बाड़ी में 786, सुल्तानपुर में 794.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 1042 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। जिले में बीते 24 घंटे में 09 सितम्बर 2023 को प्रात: 08 बजे तक 31.5 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 70 मिलीमीटर, गैरतगंज में 84.4, बेगमगंज में 2.8, सिलवानी में 55, गौहरगंज में 15.9, बरेली में 2.8, उदयपुरा में 45.3, बा?ी में 5.5, सुल्तानपुर में 30.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 3.2 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# अधोसंरचनात्मक विकास से लोगों को मिलेगी सुविधा: डॉ. चौधरी

- संयुक्त तहसील कार्यालय भवन और हरदौट में स्वास्थ्य भवन सहित अन्य निर्माण कार्यों का स्वास्थ्य मंत्री ने किया लोकार्पण और भूमिपूजन





**गैरतगंज, देशबन्धु।** क्षेत्र में बड़ी मात्रा में अधोसंरचनात्मक विकास किया गया है। कई सरकारी भवन सहित जन सुविधा के विकास कार्य होने से जन सामान्य को सुविधा प्राप्त होगी। यह बात स्वास्थ्य मंत्री डॉ. प्रभुराम चौधरी ने गैरतगंज तहसील क्षेत्र में लगभग 10 करोड़ रुपए से अधिक राशि के विकास और निर्माण कार्यो का लोकार्पण तथा भूमिपूजन करते हुए कही। उन्होंने गैरतगंज तहसील मुख्यालय पर 640.27 लाख रू लागत से निर्मित संयुक्त तहसील कार्यालय भवन तथा ग्राम सिंहपुर में 10 लाख रू लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया। साथ ही ग्राम हरदौट में 306.80 लाख रुपए लागत से बनने वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में एक नग जी एवं एक नग एच टाईप आवास गृह, बाउन्ड्रीवाल तथा पहुंच मार्ग निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। कार्यक्रमों को संबोधित करते हुए स्वास्थ्य मंत्री डॉ. चौधरी कहा कि सरकार द्वारा जनकल्याणकारी योजनाओं के साथ-साथ अधोसंरचनाओं से जुड़े कार्यो को भी प्राथमिकता से कराया जा रहा है। संयुक्त तहसील कार्यालय भवन कार्यालय के बन जाने से क्षेत्र के किसानों तथा नागरिकों को लाभ होगा और राजस्व संबंधी सेवाएं सुगमता से उपलब्ध हो सकेगी। वहीं स्वास्थ्य भवन के बन जाने से ग्रामीणों को घर के समीप ही इलाज में सुविधा होगी। ग्रामीणों को त्वरित और बेहतर उपचार मिलेगी। मंत्री डॉ. चौधरी ने शासन की अनेक योजनाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर जिपं अध्यक्ष यशवंत मीणा, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा, मंडल अध्यक्ष संजय जैन, जनपद उपाध्यक्ष नीतू जैन, नप अध्यक्ष जिनेश सिंघई, नप उपाध्यक्ष अशोकसिंह ठाकुर, जिपं सीईओ अंजू भदौरिया, एसडीएम पल्लवी वैद्य, तहसीलदार अम्बर पंथी, एसडीओ एके दुराफे, अनुराग यादव, वरिष्ठ नेता प्रकाश पठ्या, रामकृपाल श्रीवास्तव, हरिकृष्ण गौर, छतर सिंह पटेल, मानसिंह भूरा, दरयाव सिंह पटेल, नवीन व्यास ,नीतेश पटेल, जेके जैन, अमित शर्मा , राजेश शर्मा ,बबलू साहू ट्विंकल कीर, अखिल जैन, सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

पूर्व सरपंच पर निर्माण कार्य रोके जाने का लगाया आरोप

# पानी की टंकी निर्माण कार्य शुरू करने ग्रामीणों ने दिया धरना



**भेरूंदा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** पानी की टंकी का निर्माण कर प्रारंभ किए जाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने धरना देते हुए पूर्व सरपंच पर पानी टंकी निर्माण कार्य रोके जाने का आरोप लगाया। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय ,रघुनाथ सिंह भाटी के आश्वासन पर धरना समाप्त किया गया। ग्राम खरसानिया में जल निगम की ओर से ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने के लिए 30 लाख रुपए की लागत से पानी की टंकी निर्माण किया जाना था। यह कार्य दिसंबर 2023 में पूर्ण होना था। टकी निर्माण के लिए स्थान का चयन करने में विभाग को परेशानी हुई तीन स्थानों का चयन किया गया। जिसमें गुरु बाबा के पास रिक्त पड़ी शासकीय भूमि का चयन प्राथमिकता पर किया गया। 4 महीने पहले पानी टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ भी कर दिया गया। उस समय ग्रामीणों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। विशेष कर महिलाओं को लगा किया अब हमें पानी के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा, लेकिन टंकी निर्माण कार्य प्रारंभ होते ही रोक दिया गया। बताया जाता है की पूर्व सरपंच के द्वारा कार्य को रोका गया। वर्तमान सरपंच शैतान सिंह ने बताया कि टकी निर्माण पुन: प्रारंभ करने की मांग को लेकर मैंने स्वयं ग्रामीणों के साथ भेरूंदा पहुंचकर जगह-जगह आवेदन दिए लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। आखिरकार ग्रामीणों का गुस्सा फूटा और शनिवार को ग्रामीण धरने पर बैठ गए। भाजपा जिला अध्यक्ष रवि मालवीय एवं रघुनाथ सिंह भाटी धरना स्थल पर पहुंचे एवं ग्रामीणों से बातचीत की। ग्रामीणों ने कहा कि जब तक टंकी निर्माण का प्रारंभ नहीं होगा तब तक हम यहां से नहीं उठेंगे , बाद में ग्रामीणों को समझाया एवं जल निगम के अधिकारियों से बात की अधिकारियों ने दो दिन में ही ग्रामीणों से मिलकर उचित स्थान पर सहमति बनाकर टांकी निर्माण प्रारंभ किए जाने की बात कही, इसके बाद ग्रामीणों ने धरना समाप्त किया।ओर खुशी खुशी अपने गांव लोट गये।

# हिंदू उत्सव समिति सहित कई संगठनों ने प्रदर्शन कर जलाया पुतला



**रायसेन, देशबन्धु।** सनातन धर्मपर तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के पुत्र उदय निधि स्टालिन द्वारा की गई टिप्पणी के विरोध में श्री हिंदू उत्सव समिति के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं अन्य हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय स्थित भोपाल सागर चौराहा पर विरोध प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी कर पुतला दहन किया। इसके पश्चात रैली के माध्यम से कार्यकर्ता पुलिस थाना कोतवाली पहुंचे जहां लिखित में उदय निधि स्टालिन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराते हुए सख्त कार्रवाई कराई जाने की मांग की। इस दौरान श्री हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष बंटी महेश्वरी भाजपा नेता राकेश तोमर, बृजेश चतुर्वेदी, शिवराज सिंह कुशवाह, चंद्र कृष्ण रघुवंशी, राहुल परमार, रवि खत्री, बृज बिहारी मिश्रा, निमित्त चतुर्वेदी, मयंक चतुर्वेदी, जितेंद्र शर्मा, श्याम मोहन चतुर्वेदी, महेश बॉस, कम्मू सेन सहित समिति के अनेक पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं हिंदू संगठनों के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विधायक पांसे के प्रयास से निर्माण कार्यों के लिए स्वीकृत की राशि

**मुलताई, देशबन्धु।** विधायक सुखदेव पांसे की विधायक निधि समाप्त होने के बाद वे कांग्रेस के राज्य सभा सांसदो से मुलताई विधान सभा क्षेत्र में विकास कार्य करवा रहे है।कांग्रेस से राज्य सभा सांसद राजमणि पटेल ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर विधान सभा क्षेत्र के ग्राम देवरी में पुलिया निर्माण के लिए 4 लाख रूपए,ग्राम पंचायत पाबल के झिरी में सांस्कृतिक मंच के निर्माण हेतु 2लाख 99 हजार रूपए तथा अमरावती घाट के बाजार चौक में सांस्कृतिक मंच निर्माण के लिए 2 लाख 99 हजार रुपए स्वीकृत किए है। इसके पूर्व विधायक श्री पांसे ने राज्य सभा के सदस्य सुरेश पचौरी, विवेक तन्खा, दिग्विजय सिंह से पूर्व में ही क्षेत्र में विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृत करा चुके हैं। इसके पूर्व में विधायक पांसे डब्ल्यू.सी.एल. के वेलफेयर फण्ड, खनिज मद सहित अन्य एजेंसियों से मुलताई विधान सभा में विकास कार्य हेतु राशि स्वीकृत करा चुके हैं। उपरोक्त तीनों स्थानों के लिए राशि स्वीकृत किये जाने पर ग्रामीण मनोहर बनकर, हर्षल चरपे, पांडूरंग वडूरकर, लोकेश बनकर, शंकर भगत, ज्ञानदेव बनाईत, सोनू पटेल, सुनिल चौधरी, अश्विन बारई, राहुल कवड़कर, सुनिल अनवाने, शुभम शिवहरे, चेतन येवले, मनीष बारई, सतीष नायक, हरी देशमुख, यादोराव खाड़े, चंदू कडू, सुखदेव बारई, उदयभान बारई, रमेश देशमुख, कविता महेश सरोदे सरपंच, अंकित फरकाड़े, अनिल बरोदे, जयश्री डहारे, प्यारेलाल बरखाड़े, नीलू देशमुख, दिनू डहारे आदि ग्रामीणों ने पांसे का आभार व्यक्त किया।

# लोक अदालत में समझाईश पर साथ रहने राजी हुए पति-पत्नी



**भेरुन्दा/नसरुल्लागंज, देशबन्धु।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर एवं जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अमिताभ मिश्र के निर्देशानुसार तहसील न्यायालय परिसर नसरूल्लागंज में जिला न्यायाधीश / अध्यक्ष, तहसील विधिक सेवा समिति नसरूल्लागंज रवीन्द्र कुमार शर्मा द्वारा दीप प्रज्जवलन कर नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर न्यायाधीश सुनीता गोयल अध्यक्ष अभिभाषक संघ बलराम यादव, एडीपीओ शिरीष उपासनी, मुख्य नगर पालिका प्रफुल्ल गठरे नगर परिषद भेरुन्दा, बैंक के अधिकारी, अधिवक्तागण, सुलहकर्ता सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ता, पैरालीगल वालेन्टियर, विद्युत विभाग के नोडल अधिकारी, नगर परिषद्, कर्मचारी, न्यायालयीन कर्मचारीगण सहित आमजन उपस्थित रहे। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित प्रकरण के राजीनामा योग्य आपराधिक, सिविल, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा, धारा 138 एन. आई. एक्ट वैवाहिक मामले, बिजली चोरी के प्रकरणों के अलावा प्रिलीटिगेशन के अंतर्गत बैंक, बिजली एवं नगर परिषद् से संबंधित प्रकरणों का निराकरण हुआ। न्यायालय सुनीता गोयल न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी नसरूल्लागंज में पति-पत्नी के आपसी विवाद में न्यायालय में पत्नी द्वारा पति एवं देवर पर धारा 294, 323, 506/34 भा.द.वि. अंतर्गत विवाद में न्यायालय द्वारा एवं अधिवक्ता मनीष सेठी, सुरेश पंवार, वर्षा दोगने सहित सुलहकर्ता सदस्य संजना परमार एवं संतोष यादव की समझाईश उपरांत पति-पत्नी दोनों के मध्य आपसी राजीनामा हो गया और न्यायालय में एक दूसरे को माला पहनाकर आपसी मन मुटाव खत्म कर खुशी खुशी अपने घर एक साथ रहने के लिये चले गये।

# ओवर ब्रिज चौराहे पर राकेश सिंह ने किया जन आशीर्वाद यात्रा का स्वागत



**मुरैना, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री की जन आशीर्वाद यात्रा का शनिवार की सुबह ओवर ब्रिज चौराहे पर पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह एवं उनके पुत्र राकेश सिंह ने सैकड़ो समर्थकों के साथ फूल मालाओं एवं गगन भेदी नारों के साथ आत्मीय व भव्य स्वागत किया। ज्ञात रहे की सबलगढ़ से चली जन आशीर्वाद यात्रा को 8 सितंबर की शाम मुरैना पहुंचना था, लेकिन भीषण बारिश के चलते यात्रा बेरियल चौराहे पर आकर स्थगित हो गई। बारिश के दौरान ही पूर्व मंत्री रुस्तम सिंह एवं राकेश सिंह अपने सैकड़ो समर्थकों के साथ बैरियर चौराहे पर पहुंच गए और वहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर तथा प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा का भव्य स्वागत किया।

रुस्तमसिंह एवं उनके सुपुत्र राकेश सिंह के नेतृत्व में 1600 मोटरसाइकिल एवं 400 चार पहिया वाहनों लगभग 5 हजार लोगों के साथ मुख्यमंत्री की जनआशीर्वाद यात्रा के लिए पूर्वनिर्धारित रूट पर बरसते पानी में रैली निकालकर आमजन से आशीर्वाद लिया, वहीं दूसरी तरफ अत्यधिक वर्षा के कारण मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान ने रैली को बैरियल चौराहे पर संबोधित किया। तदोपरांत वरिष्ठ नेतृत्व ने रात्रि विश्राम मुरैना में ही किया। इसी क्रम में 9 सितंबर को सुबह लगभग 11 बजे केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा ने भारी भीड़ के साथ मुरैना के बेरियल चौराहे से जनआशीर्वाद यात्रा पुनः प्रारंभ की। रुस्तमसिंह व राकेश सिंह के साथ बड़ी संख्या में पुल चौराहे पर उपस्थित भाजपा के गणमान्य नेता एवं कार्यकर्ताओं द्वारा पधारे वरिष्ठ नेताओं का गगनभेदी नारों एवं पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पुल तिराहे पर ही राकेश रुस्तमसिंह व उनके सैकड़ों समर्थकों ने बजरंग दल द्वारा आयोजित शौर्य जागरण यात्रा का भी पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया।

# गोली लगने से घायल शिक्षक की अस्पताल में मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के मैदा फैक्ट्री के पास 3 माह पूर्व कोचिंग वाले शिक्षक को दो पूर्व छात्रों ने गोली मार दी, जिसकी शुक्रवार की रात ग्वालियर अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस द्वारा मृतक के शव का पीएम कराकर लाश परिजनों को सौंप दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरबर सिंह पुत्र मोहरमान सिंह कुशवाह उम्र 35 निवासी वृंदावन की गढी अम्बाह हाल निवासी मैदा फैक्ट्री के पास मुरैना 22 जून को अपनी कोचिंग पर था, तभी दो पूर्व छात्र विकास राठौड़ एवं प्रमोद जाटव आए तथा पुराने किसी विवाद को लेकर झगड़ा करने लग। इस दौरान आरोपी दोनों छात्रों ने शिक्षक गिरवर को कट्टे से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद ग्वालियर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 3 महीने पश्चात उसकी शुक्रवार की रात मौत हो गई। सिविल लाइन थाना पुलिस द्वारा पूर्व में हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया था, अब जांच पर से हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

## बारिश के चलते बाल्मीक मंदिर की दीवार ढही

**मुरैना, देशबन्धु।** दो दिन से दिन रात हो रही झमाझम बारिश से आमजन बेहाल है और लोगों के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं, वहीं लगातार हो रही रिमझिम बारिश से मकान एवं प्रतिष्ठा रिसने लगे हैं। शुक्रवार शनिवार की रात जेल रोड स्थित बाल्मीक मंदिर की बाउंड्री भारी बारिश के चलते दह गई और मंदिर को नुकसान हो गया।

# यह भाजपा की नहीं, मप्र की जनता के आशीर्वाद की यात्रा है: सिंधिया



**मुरैना, देशबन्धु।** अंबाह चुनाव से पूर्व जनता में पैठ बनाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा निकाली जा रही जन आशीर्वाद यात्रा का अंबाह आगमन पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। नगर पालिका चौराहे पर आम सभा का आयोजन किया गया। रथ में से सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि यह यात्रा केवल भाजपा की आशीर्वाद यात्रा नहीं है, बल्कि मध्यप्रदेश की जनता के आशीर्वाद की यात्रा है। जो मध्यप्रदेश कभी बीमारू कहलाता था अब विकास के शिखर पर पहुँच गया है। सालों तक कांग्रेस की सरकार रही, लेकिन कोई विकास कार्य नहीं किया। 2003 से पहले हमें सड़के नहीं केवल गड्ढे दिखते थे। अब पूरे प्रदेश में सड़कों का जाल बिछ गया है। सिंधिया ने कहा कि रास्ते में कुछ लोगों ने हमें काले झंडे दिखाएं, लेकिन आप सभी भली भांति जानते हैं कि काले झंडे का दिखाने का कार्य वही लोग करते हैं, जिनके दिल काले होते हैं। इस दौरान यात्रा को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में केन्द्र एवं मुख्यमंत्री शिवराज के नेतृत्व में प्रदेश भाजपा सरकार ने विकास की गंगा बहाई है। हर गरीब का जीवन बदलने का काम भाजपा सरकार में हो रहा है। भाजपा सरकार की गरीब कल्याण की योजनाओं के प्रति जनता का विश्वास, हमारे शीर्ष नेतृत्व और संगठन की ताकत के बल पर भारतीय जनता पार्टी आगामी चुनाव में प्रचंड विजय हासिल करेगी। देश और प्रदेश में आज जन-जन का विश्वास और आशीर्वाद भाजपा को मिल रहा है। बीडी शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एवं शिवराज सिंह की मार्गदर्शन में मध्य प्रदेश विकास के नित नए आयाम स्थापित कर रहा है। भाजपा सरकार में गरीब कल्याण के साथ ही हर वर्ग विकास पथ पर तेज गति से अग्रसर है।

# ताप्ती तीरे

## सार समाचार

### जन अभियान परिषद का पेसा एक्ट का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**बैतूल, देशबन्धु।** जिले के 6 अनुसूचित जनजाति विकासखंडों में शनिवार से पेसा एक्ट का सेक्टर स्तरीय प्रशिक्षण प्रारंभ हुआ। 6 सेक्टर्स में आयोजित हुए प्रशिक्षण में प्रस्फुटन समिति के सदस्य, सीएमसीएलडीपी विद्यार्थी, पेसा मोबिलाइजर, पंचायत सचिव/रोजगार सहायक, समाजसेवी आदि प्रशिक्षणार्थी सम्मिलित हुए। आठनेर ब्लॉक के पांढुर्ना सेक्टर में भोपाल से पेसा सेल से गौरव शर्मा, पेसा जिला समन्वयक सुखदेव उइके, जिला पंचायत से ललिता कर्णे और चिचोली विकासखंड के दूधिया सेक्टर में प्रशिक्षण में ग्राम सरपंच, जन अभियान परिषद से जिला समन्वयक प्रिया चौधरी, जनपद सदस्य सपना इवने, पेसा के ब्लॉक समन्वयक रिंकू परते, जन अभियान परिषद के मेंटर्स व नवांकुर भी उपस्थित हुए। इसी प्रकार घोड़ाडोंगरी के कान्हावाड़ी और शाहपुर के भौंरा सेक्टर में, भैंसदेही के झलार सेक्टर में, भीमपूर के गुरूवा पिपरिया और सभी प्रशिक्षणार्थियों को पेसा के एक्ट के संबंध में मार्गदर्शन प्रदान किया। चिचोली के दूधिया, हर्राढाना में नवीन ग्राम सभा गठन की तैयारी की गई। नवीन ग्राम सभा गठन फॉर्मेट भर कर प्रक्रिया को आगे बढ़ाया।

### कवि समागम एवं सम्मान समारोह का आयोजन आज

**हरदा, देशबन्धु।** श्री नर्मदा आव्हान सेवा समिति हरदा इकाई व्दारा विश्व हिन्दी दिवस के अवसर पर निशुल्क अखिल भारतीय कवि समागम एंव सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समिति के अध्यक्ष एवं कार्यक्रम संयोजक जयकृष्ण चांडक ने बताया की कार्यक्रम में देश के 6 प्रांतों से राष्ट्रीय स्तर एवं प्रदेश स्तर के 75 कवियों की शानदार प्रस्तुति होगी। इस अवसर पर सभी कवियों का सम्मान किया जायेगा। संयोजक मंडल के शिरीष अग्रवाल, लोमेश गौर, कपिल दुबे ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कृषि मंत्री कमल पटेल, अध्यक्षता म.प्र.साहित्य अकादमी के निदेशक डॉं. विकास दवे एवं समाजसेवियो की गरिमामयी उपस्थिति मे माहेश्वरी मांगलिक भवन हरदा में 10 सितम्बर, दिन रविवार को प्रात: 9 बजे से सांयकाल 6 बजे तक किया जा रहा है।

### सुने मकान में चोरी के आरोपी पकड़ाए

**मुलताई, देशबन्धु।** पुलिस ने नेहरू वार्ड की चोरी के बाद सुभाष वार्ड की चोरी का भी खुलासा किया है। थाना प्रभारी प्रज्ञा शर्मा के नेतृत्व में चोरियोंके खुलासे के लिए गठित की गई पुलिस टीम को दूसरे दिन भी बड़ी सफलता हाथ लगी है । सुभाष वार्ड में 14 मार्च को हुई एक चोरी के एक मामले में खुलासा किया है। पुलिस ने मामले में हजारो रुपए के जेवर जब्त किए है। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि सुभाष वार्ड निवासी गुणवंत कंगाले के सुने मकान में 14 मार्च को चोरी हुई थी। पुलिस द्वारा मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही थी। जिसमें पुलिस ने आरोपी आदित्य तायडे और सूरज कुशवाहा को गिरफ्तार कर पूछताछ की। पूछताछ में दोनों ने गुणवंत के घर चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने चोरी किए गए 10 जोड़ बिछिया, दो कमरबंद,एक पैरपट्टी दो सोने की बाली जब्त की है। वहीं चोरों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है। टीआई प्रज्ञा शर्मा ने बताया कि अन्य मामलो में भी जल्द खुलासे किए जाएंगे।

# लोक अदालत में निपटे 523 मामले, ढाई करोड़ से अधिक की राशि हुई जमा

- जिला न्यायालय हरदा एवं व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी में हुआ आयोजन

**हरदा, देशबन्धु।** जिला न्यायालय हरदा एवं व्यवहार न्यायालय खिरकिया तथा व्यवहार न्यायालय टिमरनी में शनिवार को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत का शुभारंभ तृप्ति शर्मा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश हरदा, प्रदीप राठौर, जिला न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अध्यक्ष संजय शाण्डिल्य द्वारा जिला मध्यस्थता केंद्र हरदा में मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में समस्त न्यायाधीशगण अधिकारीगण एवं जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अधिवक्तागण, लीगल एड डिफेंस काउसिंल बैंक, एवं विद्युत मंडल के अधिकारी कर्मचारी तथा न्यायालयीन कर्मचारी उपस्थित रहे।

लोक अदालत में जिले में कुल 11 खण्डपीठ बनाई थी जिनमें 9 खण्डपीठ सिविल न्यायालयों की 1 खण्डपीठ उपभोक्ता फोरम की तथा 1 खण्डपीठ पुलिस परामर्श केन्द्र हरदा की बनाई गई। न्यायालय की खण्डपीठों में कुल 1863 पेंडिंग प्रकरणों को तथा प्रीलिटिगेशन प्रकरण के रूप में 3688 प्रकरणों को लोक अदालत में सुलह समझौते के आधार पर



निराकरण हेतु रखा गया था। न्यायालयों के मोटर दुर्घटना दावा के 66 पेंडिंग प्रकरणों में 16 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा राशि 6190000 रूपये के अवार्ड पारित हुये। इसी प्रकार कुल 139 आपराधिक शमनीय प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा धारा 138 एन.आई. एक्ट के 52 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा 11968937 रुपए समझौता राशि के आदेश पारित हुये। सिविल मामलों के कुल 26 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिनमे राशि 3188729 रुपए के आदेश पारित हुए। विद्युत अधिनियम के 23 प्रकरण का निराकरण हुआ तथा राशि 241728 रूपये की राशि जमा हुई है। इसी प्रकार वैवाहिक / कुटुम्ब न्यायालय के 01 प्रकरण का निराकरण हुआ। प्रीलिटिगेशन प्रकरण के रूप में बैंकों के 12 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा राशि रूपये 418060 की राशि वसूल हुई। इसी प्रकार विद्युत विभाग के कुल 195 प्रकरणों का निराकरण हुआ तथा राशि 1503272 रूपये समझौता राशि के रूप में वसूल हुई। इस प्रकार नेशनल लोक अदालत में कुल 523 प्रकरणों का निराकरण हुआ एवं राशि रूपये 2 करोड़, 57 लाख 42 हजार 850 रूपये के अवार्ड / आदेश पारित हुये तथा नेशनल लोक अदालत में कुल 696 व्यक्ति लाभान्वित हुए। इसमें प्रदीप राठौर, जिला न्यायाधीश/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हरदा तथा अनूप कुमार त्रिपाठी विशेष न्यायाधीश हरदा, एवं शैलेन्द्र कुमार नागौत्रा, प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय हरदा एवं राजेन्द्र कुमार दक्षणी प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश हरदा, रोहित सिंह, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश हरदा तथा के.के.वर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट हरदा सचेन्द्र भदकारिया न्यायिक मजिस्ट्रेट हरदा, विनीत साकेत न्यायिक मजिस्ट्रेट हरदा, तथा अपर्णा लोधी, जिला विधिक सहायता अधिकारी एवं जिला अधिवक्ता संघ हरदा के अध्यक्ष संजय शाण्डिल्य, सचिव सुदीप मिश्रा, क्रांति कुमार जैसानी और अन्य अधिवक्ता एवं न्यायालयीन कर्मचारी तथा पक्षकारगण उपस्थित थे।

# नपा की ब्रांड एम्बेसडर नेहा का इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स में दर्ज हुआ नाम



**बैतूल, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर नेहा गर्ग को बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट की अवधारणा पर किए गए कार्यो और बनाए गए मॉडल्स को लेकर इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स ने भी प्रोत्साहित किया है। और इस संबंध में इंडिया बुक ऑफ रिकार्ड्स द्वारा अवार्ड और प्रशस्ति पत्र दिया गया। इस प्रशिस्त पत्र में श्रीमती नेहा गर्ग के द्वारा पूर्व में दुबई में आयोजित इंटरनेशनल ग्लोबल फेस्टिवल में भारत सरकार की ओर से शामिल होने का भी उल्लेख है।

**विभिन्न कलाकृतियां शहर की बड़ा रही सुंदरता:** गौरतलब है कि नेहा गर्ग विगत दो वर्षो 2021-22 एवं 2022-23 से नगर पालिका परिषद बैतूल की स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर हैं। श्रीमती गर्ग और उनकी टीम के द्वारा कबा? की सामग्री का उपयोग कर विभिन्न कलाकृतियां बनाई है जो शहर के विभिन्न स्थानों पर नगर पालिका परिषद द्वारा लगाई गई है। इनमें हाथी, चिड़िया, ईगल, मछली, शेर, कछुआ, बिच्छू, गाय, वॉच, गिटार, मोर आदि शामिल है। इसके अलावा श्रीमती गर्ग ने अपने निवास पर घर में अनुपयोगी सामग्री और कबाड़ का उपयोग कर विशाल उद्यान भी बनाया है। जिसको लेकर कई शालाओं और कन्या महाविद्यालय की छात्राओं ने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान देखा और सराहना भी की। इसके अलावा बालाजी इंजीनियरिंग कालेज के स्टूडेंट को बेस्ट आऊट ऑफ वेस्ट अवधारणा पर आयोजित कार्यशाला में संबोधित करते हुए उन्हें भी अनुपयोगी चीजों के उपयोग करने के तरीके बताए थे।

**केंद्र सरकार के मिशन ने की सराहना:** नेहा गर्ग द्वारा वेस्ट टू वेल्थ की अवधारणा पर किए इन कार्यों को लेकर प्रदेश के अलावा भारत सरकार के आवास मंत्रालय के स्वच्छ भारत अर्बन द्वारा मोर की कलाकृति की सोशल मीडिया पर सराहना की गई।

# कन्या प्राथमिक शाला सातनेर के बच्चों को 6 दिन से नहीं मिल रहा मध्यान्ह भोजन

**आठनेर, देशबन्धु।** ब्लॉक क्षेत्र की ग्राम पंचायत सातनेर के कन्या प्राथमिक शाला के 25 से अधिक बच्चों को 6 दिनों से मध्यान्ह भोजन नहीं दिया जा रहा है। जनशिक्षक सुनील महाले ने बताया है कि मध्यान्ह भोजन समूह के माध्यम से संचालित किया जा रहा था लेकिन उधारी होने के कारण मध्यान भोजन बंद कर दिया है। सातनेर संरपच के माध्यम से व्यवस्था संचालित की जा रही थी, लेकिन भोजन बनाने वाले रसोईयों पर किराना दुकान का अधिक बकाया भुगतान होने से किराना सामना नहीं दिया गया है। संस्था प्रमुख ने इस ओर अभी तक ठोस कदम नहीं उठाया है सभी बच्चे भूखे पेट घर वापसी लौटने को मजबूर हैं। शिक्षा अधिकारी से इस संबंध में फ़ोन पर संपर्क करना चाहा लेकिन काल रिसीव नहीं किया है।

### जिला बनाओ आंदोलन के समर्थन में मंच पर पहुंचे नपाध्यक्ष

**मुलताई, देशबन्धु।** बस स्टैंड किसान स्तंभ पर चल रहेमुलताई को जिला बनाओ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के 9वें दिन बड़ी संख्या में हिंदू मुस्लिम समुदाय के संगठन एवं नगर पालिका अध्यक्ष नीतू प्रहलाद परमारनेपार्षदों सहित धरना स्थल पर पहुंचकर मुलताई को जिला बनाओं अभियान पत्रक पर हस्ताक्षर कर इस अभियान में अपनी सहभागिता दर्ज की। इसके साथ ही संघर्ष समिति के धरना के समर्थन से लोडिंग और सवारी ऑटो यूनियन लगभग 200 ऑटो संचालकों ने मुलताई जिला बनाने के समर्थन में जन जागरण ऑटो रैली निकाली जिसमेंदीनू बारंगे, गुरुजी ,रोशन, देवी, सादिक शाह, छोटू, आरिफ, धरमू अन्य लोगों का भरपूर सहयोग मिला। रैली के माध्यम से बस स्टैंड से रेलवे स्टेशन होते हुए नागपुर नाका अंबेडकर चौक से गांधी चौक होते हुए थाना रोड से रैली धरना स्थल पहुंची, जहां रैली का समापन किया गया।सभी ऑटो संचालकोंएवं लोडिंग ऑटो संचालकों ने जिला बनाने के समर्थन में अपना स्वेच्छा से समर्थन दिया एवं हस्ताक्षर अभियान में हिस्सा लिया। सभी ने मुलताई जिला बनाओ संघर्ष समिति को अपना तन मन धन से सहयोग देने का वचन लिया। शनिवार मुस्लिम समाज का पूर्ण समर्थन जिला बनाओ संघर्ष समिति को मिला जिसमें अलफैज वेलफेयर सोसाइटी, कब्रिस्तान कमेटी से हाफिज शहजाद, जामा मस्जिद मूतवल्ली फारूक पटेल,अल्ताफ टेलर,मोहम्मद शफीउल्ला, अफसार मंसूरी,समाजसेवी मोहम्मद अफसर आदि भी पहुंचे।

# डेंगू और मलेरिया से बचाव के लिए नपा ने शुरू किया अभियान

- आस-पास गड्ढों, नालियों, पुराने टायरों और बर्तनों में बारिश का पानी का पानी जमा न रहने देने की सलाह



**सारनी, देशबन्धु।** नगर पालिका परिषद सारनी ने डेंगू और मलेरिया की रोकथाम के लिए अभियान की शुरूआत कर दी है। इसके लिए सफाई अभियान के साथ-साथ लोगों को जागरूक किया जा रहा है। सभी 36 वार्डों को तीन जोनों में बांटकर इन पर सतत निगरानी रखी जा रही है। बारिश के दौरान मच्छर जनित बीमारियों की आशंका को देखते हुए नगर पालिका ने विशेष सफाई अभियान शुरू किया है। स्वच्छ भारत मिशन के नोडल अधिकारी के.के.भावसार ने बताया कि इन दिनों में डेंगू और मलेरिया के मच्छरों की पैदावार ज्यादा होती है। इसलिए इन्हे रोकने के व्यापक स्तर पर उपाय किए जा रहे हैं। नालियों में मच्छर रोधी दवाओं का छिड़काव किया जा रहा है। इसके अलावा पाउडर डाले जा रहे हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम के निर्देशन में सभी 36 वार्डो को सारनी, पाथाखेडा एवं शोभापुर जैसे तीन जोनों में विभक्त किया गया है। स्वच्छता दरोगा और सुपरवाइजरों को अपने-अपने जोनों के वार्डों पर सतत निगरानी रखने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्य नगर पालिका अधिकारी सी.के. मेश्राम ने बताया कि सफाई का कार्य अपने स्तर पर नपा की टीम कर रही है। चूंकि डेंगू के मच्छर घरों के भीतर साफ पानी में पैदा होते हैं इसलिए इसकी रोकथाम के लिए घरों के भीतर सफाई रखना जरूरी है।साफ पानी के बर्तनों को कम से कम सप्ताह में एक बार साफ करना चाहिए।

**अध्यक्ष-उपाध्यक्ष ने की समीक्षा:** नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे,उपाध्यक्ष जगदीश पवार और स्वास्थ्य शाखा के सभापति गणेश मस्की ने शहर में मच्छररोधी अभियान की समीक्षा की,उन्होंने स्वच्छता निरीक्षक एवं समस्त क्षेत्रों के स्वच्छता सुपरवाइजरों की बैठक लेकर विभिन्न दिशा निर्देश दिए। अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि अभियान चलाकर सफाई करने की आवश्यकता है। ऐसे क्षेत्रों पर फोकस रहना चाहिए जो मलेरिया और डेंगू को लेकर डेंजर जोन में है। इन्हें चिन्हित कर यहां प्रथम चरण में अभियान चलाना चाहिए। उन्होंने आम लोगों से भी इस अभियान में सहयोग करने का आग्रह किया।

# स्थानांतरण पर ब्लॉक शिक्षा अधिकारी कुम्भारे को शिक्षकों ने दी विदाई

**मुलताई, देशबन्धु।** मुलताई विकासखंड में 2019 से विकासखंड शिक्षा अधिकारी के पद पर पदस्थ रहे प्रकाश कुंभारे का डाइट पचमढ़ी में प्राचार्य के पद पर प्रमोशन और स्थानांतरण होने से शनिवार शासकीय नवीन हाई स्कूल में कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें भावभीनी विदाई दी गई। सेवानिवृत शिक्षक एम के वर्मा ने बताया की कुम्भारे ने सेवा शासकीय एम.एल.बी.कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैतूल में व्याख्यता पद के रूप में प्रारंभ की, जिसके बाद पी.जी.बी.टी. कॉलेज खडवा से बीएड प्रशिक्षण के बाद मई 1993 से अगस्त 2003 तक शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मुलताई, 28 अगस्त 2003 से 9 सितम्बर 2019 तक प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पारडसिंगा में एवं 11 सितम्बर 2019 से 27 जुलाई 2023 तक, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी



मुलताई के पद पर कार्यरत रहे। इस अवसर पर विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी का समस्त स्टॉफ, संकुल प्राचार्य एवं शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा सम्मान समारोह कार्यक्रम किया गया है। जिसमें मुख्य रूप से सुबोध शर्मा ए.डी.पी.ओ., नागेश पवार प्राचार्य, दाबड़े जी प्राचार्य, आर. एस. मालवीय से.नि.प्राचार्य, पीएस गौर से.नि. सहा. संचालक, पीके अवस्थी, सेनि प्राचार्य, व्हीके जयसवाल प्राचार्य, आरडी साहू प्रभारी विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी मुलताई, केआर बोबड़े, एमके वर्मा सेनि व्याख्यता, आर.एन. महाते लेखापाल, डी.एस. रघुवंशी सहायक ग्रेड-2 व समस्त संकुल के प्रभारी प्राचार्यो तथा लेखापालो एवं समस्त लिपिक वर्ग और भृत्यो की सहभागीता से कार्यक्रम का संचालन किया कार्यक्रम का आकर्षण सम्मान समारोह के फलेक्स के वितरण रहा जिसमे कमलेश सरीया सहायक प्राध्यापक, एम के वर्मा सेनि व्याख्यता, आरएन महाते लेखापाल, आरएस मालवीय सेनि प्राचार्य एवं आरके सरोदे सेनि लेखापाल के सौजन्य से फलेक्स वितरित किए। कार्यक्रम के अंत में कुंभारे की ओर से सभी को उपहार स्वरूप पेन भेंट किए गए।

# उद्यानिकी विभाग ने आयोजित किया कृषक सेमीनार

**हरदा, देशबन्धु।** उद्यानिकी तथा खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा दो दिवसीय जिला स्तरीय सेमीनार व कृषक संगोष्ठी पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में आयोजित की गई । इस कार्यक्रम के द्वितीय दिवस में डॉ. गौरव, सहायक प्राध्यापक मेडीकैप विश्वविद्याल इंदौर, मनीष



श्रीवास्तव, उद्योग एक्सपर्ट, टीकमगढ़, डॉ. ओमप्रकाश भारती वैज्ञानिक डॉ. सर्वेश यादव वैज्ञानिक डॉ. मुकेश बकोलिया, . वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र, विजय सिंह, सहायक संचालक उद्यान हरदा के साथ समस्त उद्यानिकी अधिकारी उपस्थित हुये। कृषक सेमीनार में मनीष श्रीवास्तव, उद्योग एक्सपर्ट द्वारा उद्यानिकी फसलों से लगाने जाने वाले छोटे उद्योग से लेकर बड़े उद्योग की स्थापना, मशीनरी, कच्चा माल, विपणन, उद्योग में लगने वाले विभिन्न प्रकार के लाइसेंस आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। मेडीकैप विश्वविद्यालय इंदौर से आये डॉ. गौरव, सहायक प्राध्यापक ने उद्यानिकी फसलों की उन्नत शस्य क्रियायें एवं पोषक तत्व प्रबंधन पर परिचर्चा की गई है। कृषि विज्ञान केन्द्र हरदा से पधारे वैज्ञानिकों द्वारा मिर्च, टमाटर प्याज आदि फसलों की किस्म, उत्पादन, विक्रय तथा फसलों में लगने वाले कीटों की समस्या तथा उसका किस प्रकार निदान किस तरह किया जावे की विस्तृत जानकारी दी गई।

# जगमगाने लगेगा खाटू श्याम मंदिर मार्ग, पांसे ने किया विद्युतीकरण का भूमिपूजन



**मुलताई, देशबन्धु।** पूर्व केबिनेट मंत्री एवं विधायक सुखदेव पांसे ने शनिवार को नेशनल हाईवे से सनोली रोड खाटू श्याम मंदिर तक विद्युतीकरण कार्य का भूमि पूजन किया। अब बाबा खाटू श्याम के भक्तों विशेष तौर से महिलाओं को तीज, त्योहार पर नेशनल हाईवे से सोनाली खाटू श्याम मंदिर जाने के लिए अंधेरे का सामना नहीं करना पड़ेगा। खाटू श्याम मंदिर लाइटिंग का कार्य विधायक निधि से स्वीकृत10 लाख 71हजार-145 रुपए की लागत से मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के ठेकेदार द्वारा किया जाना है। जिसका बाबा खाटू श्याम मंदिर के पंडितो द्वारा विधि विधान के साथ विधायक सुखदेव पांसे से पूजन कराकर इस कार्य का आरंभ किया ।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा की कुछ लोग सिर्फ बात करते हैं किंतु मेरे पास जब भी कोई समस्या लेकर आता है चाहे सार्वजनिक हो या व्यक्तिगत मैंने उसके समाधान का प्रयास किया है।

**खाटू श्याम भक्त एवं किसानों को होगा लाभ:** इस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रहलाद सिंह ठाकुर, राजरानी परिहार, सुमित शिवहरे ,अनिल सोनी, आशीष सोनी, प्रशांत भार्गव आदि ने विधायक का एक बड़ी समस्या के समाधान के लिए आभार माना और स्वागत किया। वरिष्ठ महिला नेत्री राजरानी परिहार ने इस अवसर पर कहा कि तीज त्योहार पर बड़ी संख्या में महिलाएं शाम के समय खाटू श्यामबाबा के दरबार जाती थी। जिन्हें अंधेरा होने के कारण भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। विद्युतीकरण के बाद इस समस्या का समाधान हुआ है। इसके लिए हम विधायक को धन्यवाद देते हैं। अनिल सोनी ने कहा कि इस विद्युतीकरण से जहां खाटू श्याम बाबा के भक्तों को सुविधा मिलेगी इसके साथ ही आसपास के किसानों को भी अब सरलता से विद्युत कनेक्शन मिल पाएंगे इसका लाभ किसानों को भी होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मुलताई नगर एवं ग्राम सोनोली के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में हुई नई नियुक्तियां, फारुख पटेल बने जिला उपाध्यक्ष



**मुलताई, देशबन्धु।** पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक सुखदेव पांसे के कार्यालय में शुक्रवार शाम कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में हुईनियुक्तियों के पत्र बांटे गए।इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक सुखदेव पांसे, वरिष्ठ कांग्रेसी हाजी शमीम खान, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार, कांग्रेस नेत्री राजरानी परिहार, संजय यादव, प्रदेश सचिव शेख जाकिर, कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग जिला अध्यक्ष शेख शफीक सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष किशोर सिंह परिहार ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री पीसीसी अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर पूर्व कैबिनेट मंत्री विधायक सुखदेव पांसे की अनुशंसा पर कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग में विभिन्न पदों पर नियुक्तिया की गई, जिसमे जिला उपाध्यक्ष फारुख पटेल, जिला महामंत्री समीर खान, शेख नबी (मुन्ना भाई) जिला सचिव मोहम्मद आदिल, हसन शाह मुलताई ब्लॉक अध्यक्ष, शेख अल्ताफ को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। विधायक पांसे ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारी को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की एवं कांग्रेस पार्टी के लिए मजबूती से कार्य करने अपनी टीम का गठन करने के निर्देश दिए।

## प्रथम पृष्ठ का शेष....

**मोरक्को में भयानक भूकंप से....** पहाड़ी इलाकों में हुई है जहां राहत-बचाव के लिए पहुंचना मुश्किल था. शुक्रवार देर रात मोरक्को के हाई एटलस पहाड़ों में आई भूकंप की तीव्रता 7.2 थी. रिपोर्ट के मुताबिक, भूकंप से यूनेस्को की हेरिटेज साइट को भी नुकसान पहुंचा है. मोरक्को के माराकेश के पुराने शहर में स्थित यूनेस्को के विश्व धरोहर स्थल में शामिल जेमा अल-फना स्क्वायर में एक मस्जिद की मिनार गिर गई. भूकंप के केंद्र मराकेश शहर में रहने वाले एक शहरी ब्राहिम हिम्मी ने एजेंसी को बताया कि भूकंप के चलते कई पुरानी इमारतें गिर गई और उसने पुराने शहर से एक के बाद एक एम्बुलेंस निकलते हुए देखीं. उन्होंने कहा कि लोग डरे हुए हैं और दूसरे भूकंप की आशंका के चलते घरों से बाहर निकल आए हैं. सोशल मीडिया पर भूकंप से जुड़े हैरान करने वाले फोटो और वीडियो शेयर किए जा रहे हैं.

स्थानीय निवासी का कहना है कि सब भगवान की इच्छा है, लेकिन हमें बहुत नुकसान हुआ है. ओल्ड माराकेश शहर के रहने वाले जौहरी मोहम्मद का कहना है, मैं भूकंप के सदमे के कारण अभी भी सो नहीं पा रहा हूं. बचने के लिए लोगों को भागते हुए देख मन विचलित है. ओल्ड माराकेश शहर के सभी मकान पुराने हैं, अगर कोई गिरता है तो यह दूसरों के गिरने का कारण बनेगा. एक आस्ट्रेलियाई पर्यटक ट्राई का कहना है, अचानक कमरा हिलने लगा. हमने बस कुछ कपड़े और अपने बैग उठाए और बाहर की ओर भाग गए. अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, 1960 के बाद से यह मोरक्को का सबसे खतरनाक भूकंप है. 1960 में आए भूकंप से कम से कम 12,000 लोगों की मौत का अनुमान लगाया गया था. तीव्रता के लिहाज से इतिहास का भयानक भूकंप 1960 में ही चिली में दर्ज किया गया था.

**चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के....** के विरोध में पार्टी कार्यकर्ता एकत्र हुए, इसलिए इलाके में भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। टीडीपी प्रमुख को भेजे गए नोटिस में लिखा है आपको सूचित किया जाता है कि धारा 120 (बी), 166, 167, 418, 420, 465, 468, 471, 409 के तहत , 201, 109 आर/डब्ल्यू 34 और 37 आईपीसी और सीआईडी की धारा 12, 13 (2) आर/डब्ल्यू 13 (1) (सी) और (डी) भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1998 के तहत आपको गिरफ्तार किया जाता है। नोटिस के अनुसार, नायडू को जमानत पर रिहा नहीं किया जा सकता, क्योंकि यह एक गैर-जमानती अपराध है। नोटिस में कहा गया है कि वह केवल अदालत के माध्यम से जमानत मांग सकते हैं।

## सार समाचार

### राधा-कृष्ण कार्यक्रम के विजेता बच्चों को पुरस्कार वितरित किये



**इटारसी देशबन्धु।** भगवान श्री झूलेलाल मंदिर सिंधी कॉलोनी में समाज के 121 बच्चे राधा कृष्ण के रूप में जन्माष्टमी के कार्यक्रम में शामिल हुए। कृष्ण वेशभूषा में पहला पुरस्कार श्रीजी पंजवानी, दूसरा मिराज जैसवानी, तीसरा गर्व शिवदासानी, राधाजी वेशभूषा में पहला पुरस्कार तनुष्का फुलवानी, दूसरा उन्नति चेलानी, तीसरा सानवी मेघानी, विशेष पुरस्कार सुदामा के वेशभूषा में मयंक रामचंदानी को मिला। मीरा की वेशभूषा में प्रीत बजाज के अलावा शेष सभी बच्चों को सांत्वना पुरस्कार दिये गये। रात्रि 10:30 बजे से 12:30 तक भगवान कृष्ण जी के भजनों की प्रस्तुति हुई। तत्पश्चात प्रसाद वितरण हुआ। झूलण सेवा समिति के संरक्षक गोपाल सिद्धवानी ने बताया कि बच्चों को पुरस्कार पूज्य पंचायत सिंधी समाज अध्यक्ष धर्मदास मिहानी, झूलण सेवा समिति अध्यक्ष भीकम शिवनानी एवं पूज्य पंचायत सिंधी समाज/झूलण सेवा समिति के समस्त पदाधिकारियों ने दिए। आयोजन पूज्य पंचायत सिंधी समाज एवं झूलण सेवा समिति इटारसी ने किया था।

### केप्सन कंपनी हैदराबाद द्वारा सुरक्षा जवान काउंसलिंग 11 सितंबर से 20 सितंबर तक

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** हैदराबाद की केप्सन सर्विस लिमिटेड कंपनी द्वारा जिले के विभिन्न विकासखंडों पर सुरक्षा जवान काउंसलिंग की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी नर्मदापुरम द्वारा उक्त संबंध में जानकारी दी गई है कि जनपद पंचायत माखन नगर में 11 सितंबर 2023 को काउंसलिंग की जाएगी। इसी प्रकार जनपद पंचायत पिपरिया में 12 सितंबर को, जनपद पंचायत बनखेड़ी में 13 सितंबर को एवं नर्मदापुरम में 20 सितंबर को प्रात: 11 बजे से 3 तक काउंसलिंग की जाएगी।

### राज्य स्तरीय शालेय हॉकी में एक बच्चे का चयन



**इटासी देशबन्धु।** राज्य स्तरीय शालेय हॉकी 17 वर्ष प्रतियोगिता आज से 13 सितंबर 2023 तक ग्वालियर में आयोजित होगी। प्रतियोगिता में शासकीय बालक सीएम राइज स्कूल इटारसी के एक बच्चे का चयन हुआ है। खिलाड़ी रात टीम के साथ ग्वालियर के लिए रवाना हो गये हैं। बच्चों के चयनित होने पर विद्यालय के प्राचार्य एनपी चौधरी, उप प्राचार्य उपेंद्र साहू, रामाशीष पांडेय एवं समस्त शाला परिवार ने शुभकामनायें दी एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# जिला कांग्रेस की जम्बो कार्यकारिणी की घोषणा

## - 43 उपाध्यक्ष, 69 महामंत्री, 65 सचिव, एक कोषाध्यक्ष,- छह प्रवक्ता और पांच मीडिया प्रभारी भी बनाये गये

**इटारसी, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला कांग्रेस कमेटी के प्रस्ताव पर मुहर लगाते हुए नर्मदापुरम जिले की कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। मप्र कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं संगठन प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर जिला कांग्रेस कमेटी में पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। बताया गया है कि जिले के सभी वरिष्ठ नेताओं एवं पूर्व विधायकों से सलाह मशविरा के बाद जिला कांग्रेस नर्मदापुरम की सूची प्रेषित कर दी है। जिला कांग्रेस कमेटी में 43 उपाध्यक्ष, 50 आमंत्रित सदस्य, 69 महामंत्री, 65 सचिव, एक कोषाध्यक्ष, छह प्रवक्ता और पांच मीडिया प्रभारी मनोनीत किये गये हैं।

उपाध्यक्ष – माधव सिंह रघुवंशी, दिलीप पालीवाल, पंकज राठौर, सुशील खत्री, अजय सैनी, एनएस चौहान, ओम सेन, अनिल राठी, अनोखी राजोरिया, बीनू बुधोलिया, राममोहन मलैया, मुकेश पटेल, श्रीराम पटेल, तारा बरकड़े, अनिल गालर, हेमंत दुबे, शिवदयाल पटेल, छोटेलाल पटेल, अजय कटकवार, राजेन्द्र बसेड़िया, ममता नागोत्रा, दीपक माहेश्वरी, शैलकिशोर चौधरी, अटल बिहारी पटेल, अनीश खान, सुधा सिलावट, कुलदीप मिश्रा, मेहरबान सिंह, जगमोहन यादव, घनश्याम चौधरी, प्रदीप दुबे, राकेश चौधरी, हीरालाल यादव, बीके शर्मा, रघुवीर ठाकुर, विक्रम बहादुर शाह, श्याम दुबे, श्रीमती शीला बामने, कृष्ण किंकर पटेल, जमील खान, विजय मीना, मोहन सोनी, मनीष पांडेय। महामंत्री – मुकेश गांधी, राजेन्द्र तोमर, धर्मेन्द्र मालवीय, अंटू भाटिया, उमेश द्विवेदी, हनी गोठी, अजय शुक्ला, अर्जुन सिंह ठाकुर, राकेश चंदेले, अमित कापरे, अमित कापरे, पवन पटेल, महेश पांडेय, शंकर सिंह चौहान, कुलदीप राठौर, कमलेश बाथरे, लखन बैस, मदन परसे, अतुल मेहतो, राकेश मालवीय, प्रमोद नागेश, निर्भय सिंह राजपूत, सुरेश सूर्यवंशी, शिशुपाल सिंह राजपूत, रामकृष्ण बांके, मोहन गुबरेले, कमलेश पटेल, हरीश मालपानी, रामजी तीखत, धमेन्द्र नागवंशी, गीता राठौरिया, पारथ सिंह पटेल, अरविंद पांडेय, शिवनारायण चौधरी, लीलाधर मेहरा, पुरुषोत्तम कुशवाह, मदन साहू, कमल सिंह पटेल, पप्पू सैनी, शैलेन्द्र गोयल, अजीत सेठी, राधारमण मिश्रा, मनीष जैन, हरगोविन्द पुर्विया, प्रशांत जायसवाल, रंजू बेलवंशी, अखिलेश दीवान, द्वारका चौधरी, गुलाम हैदर, विजय कुमार जैन, कन्हैया गोस्वामी, वीरेन्द्र अग्रवाल, संतोष गुरयानी, रहीम, कृष्णकांत पटेल, राजेन्द्र सैनी, रामनाथ पटेल, राजेन्द्र दोहरी, हाकम सिंह पटेल, दौलतराम पटेल, शिवा राजपूत, कैलाश रघुवंशी, राकेश राय, अतुल राय, राजा भैया, मनोज पलिया, हेमंत चौधरी, राजेश यादव, धर्मदास मिहानी। कोषाध्यक्ष – अर्जुन भोला। मीडिया प्रभारी – अशोक जैन, महेश पांडे, फहीम अब्दुल्ला, नीरज चौधरी, राजेन्द्र शर्मा। प्रवक्ता प्रदीप पलिया, राजेन्द्र सोनिया, राकेश दुबे, अमोल उपाध्याय, राकेश, राजेश राठौर। सचिव – अजय पटेल, संचित पटेल, नीलेश मालोनिया, पवन बोहरा, शेख रफीक, संजय चौहान, बृज बड़गूजर, राजकुमार गुप्ता, रामसेवक चौधरी, सुबोध दुबे, प्रेमशंकर चतुर्वेदी, अटल दुबे, उमेशतिवारी, समद खान, इलियास खान, सुल्तान खान, कमलेश उइके, मदनलाल बामने, डालचंद कुशवाह, गोविन्दा गट्टानी, सादिक खान, रामकुमार पटेल, भरत पटेल, सुरेन्द्र पटेल, दंगल सिंह पटेल, हाकम सिंह पटेल, गुमना मांडले, दयाराम कतिया, कमल बैंकर, शाहरूख अली, राजा तिवारी, दिलीप नामदेव, निर्दोष तिवारी, संजय सांकुल, हरिशंकर चौधरी, छगन पटेल, लक्ष्मीनारायण यादव, इकबाल खान, कैलाश बड़कुर, प्रमोद गालर, सुभाष कामले, अनिल रैकवार, किशोर मैना, शरद सराठे, इरफान खान, प्रदीप रघुवंशी, शेरू रघुवंशी, माधोसिंह रघुवंशी, रामकृष्ण पटेल, आशीष आचार्य, द्वारका चौधरी, देवेन्द्र पटेल, लव कुमार पटेल, पंकज खटीक, दुर्गेश बेलवंशी, रिजवान खान, बृजमोहन मित्तल, जयदीप धोकल, तेजराम पटेल, अजय मिश्रा, लखनलाल रघुवंशी, आनंद थापक, राजेश चौहान, प्रदीप अग्रवाल,

# लंबित राजस्व प्रकरणों का त्वरित निराकरण कराएं: कलेक्टर



**नर्मदापुरम देशबन्धु।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को कलेक्ट्रेट में आयोजित राजस्व अधिकारियों की बैठक में आरसीएमएस में दर्ज राजस्व एवं आपराधिक मामलों की तहसीलवार समीक्षा की। उन्होंने सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों को निर्देशित किया कि 3 माह से 6 माह के लंबित नामांकन , बटवारा, बंटन के प्रकरणों का गंभीरता पूर्वक निराकरण किया जाए। उन्होंने प्रकरणों के निराकरण में 70 प्रतिशत से कम प्रगति वाले तहसीलदारों पर असंतोष व्यक्त किया और 1 माह के अंदर प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वन विस्थापन के प्रकरणों का भी पूरी सतर्कता से निराकरण किया जाएं। आपराधिक प्रकरणों की समीक्षा कर कलेक्टर ने प्रति सप्ताह निर्धारित प्रारूप में अंतरिम एवं फाइनल बाउंडोवर की जानकारी भेजने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि यह जानकारी संबंधित कोर्ट् के बाहर भी चस्पा की जाए। कलेक्टर ने कहा कि आचार संहिता लागू होने के दौरान भी रेवेन्यू कोर्ट्स का सुचारू रूप से संचालन किया जाए। कलेक्टर ने मुख्यमंत्री आवासीय भू अधिकार योजना फेज 3 के प्रकरणों में पट्टे तैयार कर सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित किए जाने के निर्देश सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी किसानों की ई केवाईसी भी किए जाने के निर्देश तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा की किसानों के ई केवाईसी में बनखेड़ी, सिवनीमालवा एवं माखननगर विशेष ध्यान दें। एनआईसी के माध्यम से किसानों के मोबाइल नंबर पर ई केवाईसी कराने के मैसेज भेजे जाएं। ई केवाईसी के ज्यादा लंबित वाले गांवों में नायब तहसीलदारों की ड्यूटी लगाकर किसानों की ई केवाईसी की कार्यवाही की जाएं। ई केवाईसी में पंचायत के अमले का भी सहयोग ले। कलेक्टर ने राजस्व वसूली में गति लाने के निर्देश दिए सभी तहसीलदारों को दिए। उन्होंने सभी तहसील प्रमुख रूप से नर्मदापुरम नगर, माखननगर एवं बनखेड़ी को राजस्व मांग की भी पुन: समीक्षा के निर्देश दिए। उच्च न्यायालय में लंबित प्रकरणों की भी कलेक्टर ने समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रकरणों का पूरी सावधानी और गंभीरता के साथ निराकरण किया जाए। वयवहार न्यायालयों में लम्बित प्रकरणों का भी निराकरण किया जाएं। कलेक्टर ने सीएम हेल्पलाइन एवं जनसुनवाई की शिकायतों का भी त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने 11 सितंबर तक छूटे हुए सभी 18 वर्ष आयु के मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने के निर्देश दिए। बैठक में समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार उपस्थित रहें।

# 5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय चयन पर फुटबॉल क्लब ने जतायी खुशी

**इटारसी।** शालेय 19 वर्षीय राज्य स्तरीय फुटबॉल बालक प्रतियोगिता के लिए नर्मदा पुरम के 18 खिलाड़ियों की टीम रवाना हो चुकी है। टीम में खिलाड़ी इटारसी के भी हैं जो फाइटर फुटबाल क्लब के हैं। इसके अलावा रेलवे बॉयज फुटबॉल क्लब के अक्षत तिवारी पुत्र प्रीतम तिवारी इस टीम के कप्तान बने हैं।

फाइटर फुटबॉल क्लब के 4 खिलाड़ी शिवम महाले, अंकुश दयाल, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय इटारसी, विपुल लोट और मयंक शर्मा जीनियस प्लानेट स्कूल इटारसी के हैं। इसके अलावा पिपरिया, पचमढ़ी, हरदा, बैतूल जिले के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों का चयन स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। नर्मदापुरम संभाग की टीम इटारसी से अनूपपुर के लिए कोच उमेश बरैया के साथ जा चुकी है। फाइटर फुटबॉल क्लब के अध्यक्ष सत्यम अग्रवाल, निपुण गोठी, अजय चौधरी, पंकज गोयल संभागीय अधिकारी अश्वनी मालवीय, फुटबॉल खेल



के सचिव दीपक परदेसी, किशोर पांडे, रितेश शर्मा, महेश कुशवाहा, महेंद्र मालवीय, प्रीतम तिवारी, योगेश लाल, पवन उसरेठे, तोशिब खान एवं हेड कोच भागवत सिंह राजपूत ने पूरी टीम को जीत एवं उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। जीनियस प्लेनेट स्कूल के फुटबॉल कोच कृष्णा साहू एवं अन्य खिलाड़ियों ने इटारसी रेलवे स्टेशन पहुंचकर सभी खिलाड़ियों को शुभकामनायें दी।

### आज 9 बजे से 1 बजे तक बिजली रहेगी बाधित

नर्मदापुरम देशबन्धु। जोन-2 क्षेत्र अंतर्गत 33/11 के वी कोठी बाजार उपकेन्द्र का रखरखाव कार्य 10 सितंबर 2023 को सुबह 9 बजे से 1 बजे तक किया जाना है जिसके कारण विभिन्न क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। प्रबंधक (शहर) मप्रमक्षेविविकंलि ने उक्त जानकारी देते हुए बताया है कि मेंटेनेंस के दौरान टेलीफोन एक्सचेंज फीडर अंतर्गत टेलीफोन एक्सचेंज, एस पी एम इंटकवेल, होम साइंस कॉलेज आदि क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह बाधित रहेगी। इसी प्रकार कलेक्ट्रेट फीडर अंतर्गत कोर्ट परिसर, कलेक्ट्रेट परिसर, आरसीसी मॉल आदि क्षेत्र एवं सेठानी घाट फीडर अंतर्गत सेठानी घाट, एसपी ऑफिस के पास, मोरछली चौक, इतवारा बाजार, तार आहाता, एकता चौक, सराफा चौक आदि क्षेत्रों में विद्युत प्रवाह प्रात: 9:00 बजे से 1:00 बजे तक बाधित रहेगी।



**नर्मदापुरम देशबन्धु। शनिवार दोपहर से झमाझम बारिश हुई। करीब 2 बजे से शुरू हुई बारिश रुक रुक कर शाम तक होती रही। इसी बीच शाम करीब 5 बजे तेज बारिश भी हुई। शहर के साथ जिले के इटारसी, पिपरिया और पचमढ़ी क्षेत्र के भी तेज बारिश होती रही। बारिश के कारण शहर के कई क्षेत्र जलमग्न भी हुए। जिससे नपा और प्रशासन की तमाम दावे खोखले साबित हुए। शहर के हलवाई चौक पर बाढ़ जैसी स्थिति नजर आई।**

# छात्राओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने वचनबद्ध हूं: डॉ. शर्मा

**इटारसी देशबन्धु।** कन्या विद्यालय पुरानी इटारसी में ग्राउंड का समतलीकरण होगा, मेन गेट से विद्यालय परिसर गेट तक ब्लॉक लगाएंगे। बालिकाओं एवं शिक्षकों के लिए वाहन खड़ा करने के लिए टीन सेट का निर्माण होगा, अधूरी बाउंड्री वॉल पूरी कर की जाएगी। यह घोषणा विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने की। वे यहां शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में स्कूटी, लैपटॉप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त खिलाड़ी एवं अन्य गतिविधियों में विद्यालयों की छात्राओं का सम्मान सम्मान समारोह में संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष पंकज चौरे ने की। कार्यक्रम में विशेष अतिथि राजा तिवारी सांसद प्रतिनिधि, जय किशोर चौधरी अध्यक्ष जिला पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मयंक महतो मंडल अध्यक्ष, अशोक मालवीय मंडल अध्यक्ष, भरत वर्मा, अरुण चौधरी विधायक प्रतिनिधि, किशन लाल यादव विधायक प्रतिनिधि के विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।



नवागत प्राचार्य श्रीमती सपना गिरधारी ने स्वागत भाषण दिया जिसमें विद्यालय की उपलब्धियां को विधायक एवं उपस्थित अतिथियों के बीच तक पहुंचाने का प्रयास किया। डा. शर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय की छात्राओं को किसी प्रकार की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी, छात्राओं को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए में वचनबद्ध हूं। विद्यालय की प्रतिष्ठा और उसके प्रति शिक्षकों की निष्ठा को देखकर विधायक ने कहा कि विद्यालय के बाउंड्रीवाल को पूरा कराया जाएगा, ग्राउंड के निर्माण ग्राउंड का समतलीकरण कर जाएगा, बाउंड्री वॉल गेट से विद्यालय गेट तक ब्लॉक लगाए जाएंगे, छात्र और शिक्षकों के वहां खड़े करने के लिए तीन सेट बनवाए जाएंगे, ताकि हमारा विद्यालय प्राइवेट विद्यालयों से भी अधिक सुविधाओं एवं अध्यापन वाला विद्यालय कहा जाएगा। सम्मान समारोह में सर्वप्रथम विद्यालय में सर्वाधिक 88 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रीमती सपना लोचकर की शिष्या अंकिता बट्टी को स्कूटी की चाबी भेंट की एवं हर संभव सहयोग पर देने का आश्वासन भी दिया। विद्यालय की 8 छात्राओं को लैपटॉप दिए जाने पर सम्मानित किया गया, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रजत प्राप्त करने वाली पांच खिलाड़ियों दिव्या, पलक, मुस्कान, माया, अंजलि को पुरस्कृत किया। साथ ही अन्य गतिविधियों में भाग लेने वाले जिले में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अशोक मालवीय ने आधुनिक सर्व सुविधा युक्त पोर्टेबल माइक बॉक्स सेट विधायक डॉक्टर सीतासरन शर्मा एवं पंकज चौरे के हाथों प्राचार्य सपना गिरधारी को विद्यालय में उपयोग हेतु भेंट किया।

### किसान 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक करा सकेंगे पंजीयन

**नर्मदापुरम देशबन्धु।** खरीफ विपणन वर्ष 2022-23 में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजार के उपार्जन के लिए किसान पंजीयन 20 सितंबर से 5 अक्टूबर तक किए जा सकेंगे। किसान पंजीयन की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए पंजीयन की प्रक्रिया निर्धारित की गई है। पंजीयन के लिए निःशुल्क तथा सशुल्क दोनों व्यवस्थाएं उपलब्ध हैं। किसान भाई तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, ग्राम पंचायत कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, जनपद कार्यालयों में स्थापित सुविधा केंद्र, सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केंद्र तथा एमपी किसान ऐप से निःशुल्क पंजीयन कर सकते हैं। इसी प्रकार लोक सेवा केंद्र, एमपी ऑनलाइन किओस्क, कॉमन सर्विस सेंटर तथा निजी व्यक्तियों द्वारा संचालित साइबर कैफे पर सशुल्क पंजीयन की व्यवस्था उपलब्ध है। सिकमी, बटाईदार, कोटवार एवं वन पट्टाधारी किसान के पंजीयन की सुविधा केवल सहकारी समिति एवं सहकारी विपणन संस्था स्तर पर स्थापित पंजीयन केन्द्रों पर उपलब्ध होगी। इस श्रेणी के शत-प्रतिशत किसानों का सत्यापन राजस्व विभाग द्वारा किया जाएगा।किसान द्वारा समर्थन मूल्य पर विक्रय उपज का भुगतान प्राथमिकता के आधार पर किसान के आधार लिंक बैंक खाते में किया जाएगा। किसान के आधार लिंक बैंक खाते में भुगतान करने में किसी कारण से समस्या उत्पन्न होने पर किसान द्वारा पंजीयन में उपलब्ध कराये गए बैंक खाते में किया जाएगा। किसान पंजीयन के समय किसान को बैंक खाता नंबर और आईएफएससी कोड की जानकारी उपलब्ध करानी होगी।

### लोक अदालत में 167 प्रकरणों से 20 लाख रुपए की वसूली

# विवाह मामलों में समझाईश देकर निपटाए मामले



**इटारसी देशबन्धु।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देश के पालनार्थ प्रधान जिला एवं सेशन न्यायाधीश एवं अध्यक्ष सतीष चन्द्र शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नर्मदापुरम् के निर्देशानुसार तहसील विधिक सेवा समिति, इटारसी के तत्वावधान में आज व्यवहार न्यायालय, इटारसी में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। नेशनल लोक अदालत का शुभारंभ प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति इटारसी हर्ष भदौरिया ने मां सरस्वती के दीप प्रज्जवल एवं माल्यार्पन कर किया। शुभारंभ कार्यक्रम में द्वितीय जिला न्यायाधीश ललित कुमार झा, न्यायिक मजिस्ट्रेट निधि मोदिता पिंटो, सूर्यपाल सिंह राठौर, निखिल सिंघई, सुश्री पूर्वी राय अधिवक्ता संघ से अध्यक्ष संतोष गुरयानी, सचिव पारस जैन अधिवक्ता विनोद चौहान एवं जिनेन्द्र कुमार जैन उपस्थित रहे। नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित 183 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमें लगभग 90666183 रुपए के अवार्ड पारित किए। विभिन्न विभागों से संबंधित 187 प्रकरणों का निराकरण हुआ, जिसमें लगभग 2023302 रुपए रूपये की वसूली हुई एवं 537 व्यक्ति लाभान्वित हुए।नेशनल लोक अदालत में हर्ष भदौरिया प्रथम जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति की खण्डपीठ क्रमांक 11 के समक्ष पक्षकारों के उपस्थित होने पर उन्हें समझाईश दी गई कि वैवाहिक विवादों के बढ़ने का कारण सहनशीलता की कमी है और पति-पत्नी के पारस्परिक संबंधों में माता-पिता एवं अन्य बाहरी व्यक्ति का आवश्यकता से अधिक हस्तक्षेप होना महत्वपूर्ण कारण है। अत: किसी भी विवाद की स्थिति में सर्वप्रथम थोड़ी देर मौन रहना एवं अपने आपसी विवादों को आपस में ही थोड़ी देर उपरांत आपसी बातचीत द्वारा निपटाते हुए, बाहरी हस्तक्षेप की संभावना को कम कर इस प्रकार के वैवाहिक विवादों से बचा जा सकता है। हर छोटी-छोटी बात को प्रतिष्ठा का प्रश्न बनाना, बढ़ते वैवाहिक विवादों का महत्वपूर्ण कारण है। इसके साथ ही एक-दूसरे की कमियों एवं खूबियों को स्वीकार न कर पाना भी ऐसे विवादों का दूसरा महत्वपूर्ण कारण है। इन बातों को समझते हुए इस प्रकार के वैवाहिक विवादों को खत्म कर या कम कर सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं एवं भारत वर्ष में वैवाहिक संबंधों का समाज में जो उच्च स्तर रहा है, उसे बरकरार रखा जा सकता है।

### नर्मदापुरम पत्रकार संघ आज करेगा 57 शिक्षकों का सम्मान

**इटारसी देशबन्धु।** नर्मदापुरम पत्रकार संघ कल 10 सितंबर, रविवार को नगर के 57 शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान करेगा।

शनिवार को शिक्षकों की संख्या और बढ़ गयी है। नर्मदापुरम पत्रकार संघ प्रायवेट स्कूलों के साथ ही कोचिंग संस्थान के शिक्षक और संचालकों का सम्मान भी करेगा। यह कार्यक्रम सोनासांवरी बायपास पर स्थित साईंकृपा मैरिज गार्डन के सभागार में सुबह 11 बजे से होगा।

# प्रमेन्द्र को चुनाव में उतार सकती है कांग्रेस



**पचमढ़ी, देशबन्धु।** पचमढ़ी में कांग्रेस के निष्ठावान, समर्पित और कट्टर कांग्रेसी गायकवाड़ परिवार के प्रमेन्द्र गायकवाड़ पर इस बार विधानसभा चुनाव में पार्टी कांग्रेस भरोसा जता सकती है।

ऊर्जावान नेता गायकवाड़ कांग्रेस के जिताऊ उम्मीवार साबित हो सकते हैं। पिपरिया विधानसभा क्षेत्र से यदि इस बार उन्हें कांग्रेस उम्मीदवार बनाती है तो उसे चुनाव में उनके समाज के एकतरफा वोट मिलने की उम्मीद है, जो कि इस विधानसभा सीट को कांग्रेस की झोली में डालने में सहायक होंगे। उल्लेखनीय है कि देश की आजादी के समय से ही यह परिवार कांग्रेस से जुड़ा रहा, पिता स्वर्गीय बेनी प्रसाद गायकवाड़ उस समय के अग्रणी कार्यकर्ता रहे। वर्ष 1972 में तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी का पचमढ़ी प्रवास हुआ, तब उन से मिलने का सुअवसर भी प्राप्त हुआ।

प्रमेन्द्र भी वर्ष 1998 से पार्टी में निरंतर सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। स्नातकोत्तर शिक्षा प्राप्त प्रमेन्द्र एनएसयूआई एवं युवा कांग्रेस में जिला महामंत्री के पद पर रहकर कार्य कर चुके हैं। शासकीय महाविद्यालय में जनभागीदारी समिति के सदस्य रहे। पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष वर्तमान में कतिया समाज महासंघ शाखा पचमढ़ी के उपाध्यक्ष हैं। नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला के साथ पार्टी द्वारा चलाए जा रहे, कार्यक्रमों में आपकी महत्वपूर्ण भूमिका रहती है।




पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए गिरिराज चाचा द्वारा श्री सिद्धि विनायक प्रिंटर्स, प्लाट नं. 26 बी देशबन्धु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एम.पी. नगर, भोपाल म.प्र. 462011 से मुद्रित एवं प्रकाशित, संपादक: **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादक: **ज़ाकिर अली*** फोन 0755-4222971, ई-मेल deshbandhubpl1@yahoo.co.in प्रेस पंजीयन-प.स. 45096/85 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।